This booklet contains **80** Printed pages.
इस पुस्तिका में **80** मुद्रित पृष्ठ हैं।

**Main Test Booklet No. / मुख्य परीक्षा पुस्तिका संख्या**

# FSC-26-II

## PAPER-II / प्रश्न-पत्र-II

## MAIN TEST BOOKLET/मुख्य परीक्षा पुस्तिका

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**

| Main Test Booklet Code<br>मुख्य परीक्षा पुस्तिका कोड | J |
|---|---|

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of **2½ hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue/Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page/ marking responses in the OMR Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **J**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the OMR Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and OMR Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the OMR Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carries 1 mark :

| | | |
|---|---|---|
| Part-I | : Child Development and Pedagogy | (Q.Nos. 1-30) |
| Part-II | : Mathematics and Science | (Q.Nos. 31-90) |
| Part-III | : Social Studies/Social Science | (Q.Nos. 31-90) |
| Part-IV | : Language-I (English/Hindi) | (Q.Nos. 91-120) |
| Part-V | : Language-II (English/Hindi) | (Q.Nos. 121-150) |

6. Candidates have to do questions 31 to 90 **EITHER** from Part-II (Mathematics and Science) **OR** from Part-III (Social Studies/Social Science) as filled by the candidates in their online application form.
7. Part-IV contains 30 questions for Language-I and Part-V contains 30 questions for Language-II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language-I and/or Language-II is a language other than English or Hindi, please ask for a Supplement (Language) Test Booklet of J Code that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form. No change in languages is allowed.**
8. **Candidates are required to attempt questions in Language-II (Part-V) in a language other than the one chosen as Language-I (Part-IV) from the list of languages.**
9. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
10. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.
11. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions of questions/ answers, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घंटे** हैं एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं। कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं ओएमआर उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें।
4. इस पुस्तिका का **कोड J** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का कोड, ओएमआर उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे कोड से मिलता है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और ओएमआर उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं। अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और ओएमआर उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, तथा प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग-I | : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र | (प्रश्न सं. 1-30) |
| भाग-II | : गणित व विज्ञान | (प्रश्न सं. 31-90) |
| भाग-III | : सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान | (प्रश्न सं. 31-90) |
| भाग-IV | : भाषा-I (अंग्रेज़ी/हिन्दी) | (प्रश्न सं. 91-120) |
| भाग-V | : भाषा-II (अंग्रेज़ी/हिन्दी) | (प्रश्न सं. 121-150) |

6. परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 **या** तो भाग-II (गणित व विज्ञान) **या** भाग-III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं। जैसा कि परीक्षार्थी ने अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में भरा हैं।
7. भाग-IV में भाषा-I के लिए 30 प्रश्न और भाग-V में भाषा-II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं। इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं। **यदि भाषा-I और/या भाषा-II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है/हैं तो कृपया J कोड वाली उस भाषा वाली परिशिष्ट (भाषा) परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए। जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए। भाषाओं का परिवर्तन अनुमन्य नहीं है।**
8. **परीक्षार्थी भाषा-II (भाग-V) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा-I (भाग-IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो।**
9. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें।
10. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है।
11. यदि अंग्रेज़ी और हिन्दी संस्करण के प्रश्नों/उत्तरों में कोई विसंगति हो तो अंग्रेज़ी संस्करण अंतिम माना जायेगा।

Name of the Candidate (in Capital Letters) : ______________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Roll Number (अनुक्रमांक) : in figures (अंकों में) ______________________

: in words (शब्दों में) ______________________

Centre of Examination (in Capital Letters) : ______________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : ______________ Invigilator's Signature : ______________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent : ______________________

## PART - I / भाग - I
## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***Direction :*** *Answer the following questions (Q. Nos.* ***1*** *to* ***30****) by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*
***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या* ***1*** *से* ***30****) के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए।*

**1.** **Assertion (A) :** If physical development of children is delayed then their social and emotional development gets affected.

**Reason (R) :** There is developmental continuity in the course of children's development.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true but **(R)** is false.

(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

**अभिकथन (A) :** यदि बच्चों के शारीरिक विकास में देरी होती है तो उनका सामाजिक और भावनात्मक विकास प्रभावित होता है।

**कारण (R) :** बच्चों के विकास में विकासात्मक निरंतरता है।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

**2.** According to Jean Piaget, cognitive development :

(1) is simple addition of new facts and ideas to the existing store of information.

(2) is dependent upon the development of language capabilities.

(3) is the process of acquiring the ability to use cultural tools.

(4) is the process of adaption to the environment by changing one's schemas.

जीन पियाजे के अनुसार संज्ञानात्मक विकास :

(1) जानकारी के मौजूदा भंडार में नए तथ्यों और विचारों का सरल जोड़ है।

(2) भाषा क्षमताओं के विकास पर निर्भर है।

(3) सांस्कृतिक उपकरणों का उपयोग करने की योग्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया है।

(4) किसी के स्कीमा को बदलकर पर्यावरण के अनुकूलन की प्रक्रिया है।

3. **Assertion (A) :** Teachers should avoid collaborations, group work and interactions among students.

**Reason (R) :** Learning is a passive process and occurs most effectively through memorization and imitation.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true but **(R)** is false.

(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

**अभिकथन (A) :** शिक्षकों को विद्यार्थियों के बीच सहयोग, समूह कार्य और अंत:क्रिया करने से बचना चाहिए।

**कारण (R) :** सीखना एक निष्क्रिय प्रक्रिया है जो कि रटने और नक़ल करने के माध्यम से सबसे प्रभावी ढंग से होता है।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

4. Rapid increase in height and weight during adolescence that usually precedes sexual maturity is referred to as :

(1) Growth spurt (2) Developmental trend

(3) Menstruation (4) Pubescence

किशोरावस्था के दौरान लम्बाई और वजन में बढ़त जो आमतौर पर यौन परिपक्वता से पहले होती है, क्या कहलाती है ?

(1) वृद्धि में तेज़ी (2) विकासात्मक प्रकार्य

(3) मासिक धर्म (4) यौवन

5. **Assertion (A) :** When talking about differences, expressions that put the person ahead of the difference should be used such as using 'the student with disabilities' rather than 'the disabled student'.

**Reason (R) :** The language we use when talking about learners with differing needs shapes the perspective and attitudes.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true but **(R)** is false.

(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

**अभिकथन (A) :** मतभेदों के बारे में बात करते समय उन अभिव्यक्ति का उपयोग करना चाहिए जो व्यक्ति को आगे रखती है बजाए उनके अंतर को – जैसे 'विकलांग छात्र' के बजाय 'छात्र जो विकलांग है'।

**कारण (R) :** विभिन्न आवश्यकताओं वाले शिक्षार्थियों के बारे में बात करते समय हम जिस भाषा का उपयोग करते हैं, वह परिप्रेक्ष्य और दृष्टिकोण को दर्शाती है।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

6. **Assertion (A) :** Children in middle schools should be encouraged to write about their emotions on a daily/weekly basis and reflect upon them.

**Reason (R) :** Understanding one's emotions is a cognitive process that can lead to action.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true but **(R)** is false.

(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

**अभिकथन (A) :** माध्यमिक विद्यालयों के बच्चों को दैनिक/साप्ताहिक आधार पर अपनी भावनाओं के बारे में लिखने और उन पर चिंतन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

**कारण (R) :** अपनी भावनाओं को समझना एक संज्ञानात्मक प्रक्रिया है जो क्रिया को सुसाधित करती है।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

7. Which of the following is **not** an effective strategy in problem-solving ?

(1) Recognizing patterns and relationships

(2) Using logical reasoning to solve problems

(3) Overlooking relevant information

(4) Breaking down complex problems into simpler parts

निम्नलिखित में से कौन-सी समस्या-समाधान की एक प्रभावी युक्ति **नहीं** है ?

(1) पैटर्न और संबंधों को पहचानना

(2) समस्याओं को हल करने के लिए तार्किक तर्कशक्ति का प्रयोग करना

(3) प्रासंगिक जानकारी को अनदेखा करना

(4) जटिल समस्याओं को सरल भागों में विभाजित करना

8. According to Piaget when children reach the point of being able to generalize and engage in mental trial and error by thinking up hypothesis and testing them in their heads they are in :

(1) Sensorimotor stage (2) Pre-operational stage

(3) Concrete operational stage (4) Formal operational stage

पियाजे के अनुसार जब बच्चे निगमन के बारे में सोच कर और उन्हें अपने दिमाग में परीक्षण करके सामान्यीकरण करने और मानसिक परीक्षण और प्रयत्न त्रुटि विधि में संलग्न होने में सक्षम होने के बिंदु तक पहुँच जाते हैं, तो वे किस अवस्था में होते हैं ?

(1) संवेदी चालक अवस्था (2) पूर्व-संक्रियात्मक अवस्था

(3) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था (4) औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था

9. Students learn efficiently and in meaningful ways when :

(1) content is presented to them in the form of incoherent pieces of information.

(2) focus is on avoiding failure instead of approaching mastery.

(3) new concept is completely different from previously learned material.

(4) their responses and subjective experiences are attended and valued.

विद्यार्थी कुशलतापूर्वक और सार्थक तरीके से तब सीखते हैं जब :

(1) विषय-वस्तु को उन्हें जानकारी के असंगत टुकड़ों के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

(2) निपुणता हासिल करने के बजाय असफलता से बचने पर ध्यान दिया जाता है।

(3) नई अवधारणा पहले सीखी गई विषय-वस्तु से पूरी तरह से अलग होती है।

(4) उनकी प्रतिक्रियाओं और व्यक्तिपरक अनुभवों पर ध्यान दिया जाता है और उन्हें महत्व दिया जाता है।

10. According to Lawrence Kohlberg around which ethics do very young children's moral reasoning revolve ?

(1) Ethics of egocentricism (2) Ethics of care

(3) Ethics of perspectives of others (4) Ethics of laws

लॉरेंस कोहलबर्ग के अनुसार बहुत छोटे बच्चों की नैतिक तर्कशक्ति किस नैतिकता के इर्द-गिर्द घूमती है ?

(1) अहंकार की नैतिकता (2) देखभाल की नैतिकता

(3) दूसरों का परिप्रेक्ष्य लेने की नैतिकता (4) कानूनों की नैतिकता

11. **Assertion (A) :** Diversity and inclusion improve teaching and learning.

**Reason (R) :** Engaging in conversations across differences hinders children's ability to think critically and creatively.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true but **(R)** is false.

(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

**अभिकथन (A) :** विविधता और समावेशन द्वारा शिक्षण और अधिगम में सुधार होता है।

**कारण (R) :** विविध परिस्थितियों में संवाद में संलग्न होना बच्चों की समालोचनात्मक और रचनात्मक रूप से सोचने की क्षमता में बाधा डालता है।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

12. Which of the following are effective teaching strategies to cater to diverse needs of learners in a classroom ?

(a) Differentiated Instruction

(b) Standardized Curriculum

(c) Individualized Education Plans

(1) (a), (b) (2) (b), (c) (3) (a), (c) (4) (a), (b), (c)

कक्षा में शिक्षार्थियों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी प्रभावी शिक्षण रणनीतियाँ हैं ?

(a) विभेदित निर्देश

(b) मानकीकृत पाठ्यचर्या

(c) व्यक्तिगत शिक्षा योजनाएँ

(1) (a), (b) (2) (b), (c) (3) (a), (c) (4) (a), (b), (c)

13. According to constructivist theorists :

(1) Children have a natural tendency to 'make sense' of the world.

(2) Children learn only when extrinsically motivated.

(3) Children learn best when information is presented to them in a final form.

(4) Children have a tendency to behave in unruly ways that needs to be corrected.

संरचनावादी सिद्धांतकारों के अनुसार :

(1) बच्चों में दुनिया को 'समझने' की स्वाभाविक प्रवृत्ति होती है।

(2) बच्चे तभी सीखते हैं जब बाहरी रूप से प्रेरित हों।

(3) बच्चे सबसे अच्छा तब सीखते हैं जब उनके सामने जानकारी अंतिम रूप से पूर्ण रूप में प्रस्तुत की जाती है।

(4) बच्चों में अनियंत्रित व्यवहार करने की प्रवृत्ति होती है जिसे सुधारने की आवश्यकता होती है।

14. Two commonly used strategies for effective problem-solving are :

(1) Heuristics and algorithms (2) Heuristics and functional fixedness

(3) Algorithms and response set (4) Heuristics and response set

प्रभावी समस्या-समाधान के लिए आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली दो प्रभावी रणनीतियाँ कौन सी हैं ?

(1) स्वानुभविक और कलन विधि (2) स्वानुभविक और कार्यात्मक स्थिरता

(3) कलन विधि और अनुक्रिया समुच्चय (4) स्वानुभविक और अनुक्रिया समुच्चय

15. A teacher is designing a lesson plan for a group of students with varying levels of understanding of a topic. According to Vygotsky's theory, which of the following should the teacher consider when designing the lesson ?

(1) The teacher should ask each student to work individually on the specified problem.

(2) The teacher should provide all students with the same level of challenge.

(3) The teacher should consider each student's current level of understanding and provide appropriate support to help them to reach the next level.

(4) The teacher should only focus on the students who are already at an advanced level of understanding and provide them with more challenging work.

एक शिक्षिका एक पाठ की समझ के अलग-अलग स्तर पर विद्यार्थियों के एक समूह के लिए एक पाठ योजना तैयार कर रही है। लेव वायगोत्स्की के सिद्धांत के अनुसार, इस पाठ योजना को बनाते समय शिक्षिका को निम्नलिखित में से किस बात पर विचार करना चाहिए ?

(1) शिक्षिका को प्रत्येक विद्यार्थी से निर्दिष्ट समस्या पर व्यक्तिगत रूप से कार्य करने के लिए कहना चाहिए।

(2) शिक्षिका को सभी विद्यार्थियों को समान स्तर की चुनौती देनी चाहिए।

(3) शिक्षिका को प्रत्येक विद्यार्थी के समझ के वर्तमान स्तर को ध्यान में रखते हुए उन्हें अगले स्तर तक पहुँचने में मदद करने के लिए उचित सहायता प्रदान करनी चाहिए।

(4) शिक्षिका को केवल उन विद्यार्थियों पर ध्यान देना चाहिए जो पहले से ही समझ के एक उन्नत स्तर पर हैं, और उन्हें और अधिक चुनौतीपूर्ण कार्य देना चाहिए।

16. Characteristics such as 'lacking reading fluency', 'reversion of words', 'tendency towards distraction' are typical identifying characteristics of :

(1) Dyslexia (2) Autism Spectrum Disorder

(3) Dementia (4) Attention Deficit Hyperactivity Disorder

'पढ़ने में प्रवाह की कमी', 'शब्दों का प्रत्यावर्तन', 'अन्यमनस्कता की प्रवृत्ति' जैसे विशिष्ट लक्षण किसकी पहचान के लक्षण हैं ?

(1) पठन वैकल्यता (2) स्वलीनता स्पेक्ट्रम विकार

(3) मनोभ्रंश (4) ध्यान न्यूनता अतिक्रियाशीलता विकार

17. Students feel more motivated to learn in an environment which ensures :

(a) Belongingness (b) Fear (c) Rejection (d) Safety

(1) (a), (b) (2) (a), (d) (3) (b), (c) (4) (b), (d)

विद्यार्थी एक ऐसे वातावरण में सीखने के लिए अधिक अभिप्रेरित महसूस करते हैं जो सुनिश्चित करता है :

(a) अपनापन (b) डर (c) अस्वीकृति (d) सुरक्षा

(1) (a), (b) (2) (a), (d) (3) (b), (c) (4) (b), (d)

18. Moving from conservative education towards progressive education requires shift from __________.

(1) formative evaluation to diagnostic evaluation

(2) integrated curriculum to standardized curriculum

(3) performance-oriented goals to mastery-oriented goals

(4) teacher-centered pedagogy to exam-centered pedagogy

रूढ़िवादी शिक्षा से प्रगतिशील शिक्षा की ओर बढ़ने के लिए किसकी आवश्यकता है ?

(1) रचनात्मक आकलन के स्थान पर नैदानिक आकलन का पालन

(2) एकीकृत पाठ्यक्रम के स्थान पर मानकीकृत पाठ्यक्रम का पालन

(3) प्रदर्शन-उन्मुख लक्ष्य के स्थान पर दक्षता-उन्मुख लक्ष्य बनाना

(4) शिक्षक-केंद्रित शिक्षाशास्त्र के स्थान पर परीक्षा-केंद्रित शिक्षाशास्त्र को लागू करना

19. When learning new information, which of the following is a helpful strategy for children to use to ensure they understand the content material ?

(a) Rereading the information once

(b) Asking questions and seeking clarification

(c) Pretending to understand

(d) Making up their own meanings for unfamiliar terms

(1) (a), (b) (2) (a), (c) (3) (c), (d) (4) (a), (b), (c)

नई जानकारी सीखते समय, बच्चों के लिए यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे विषय-वस्तु को समझते हैं, निम्नलिखित में से कौन सी एक सहायक रणनीति है ?

(a) जानकारी को एक बार फिर से पढ़ना

(b) प्रश्न पूछना और स्पष्टीकरण माँगना

(c) समझने का नाटक करना

(d) अपरिचित शब्दों के लिए अपना अर्थ बनाना

(1) (a), (b) (2) (a), (c) (3) (c), (d) (4) (a), (b), (c)

20. A teacher should create a classroom culture where students' motivation to learn is primarily focused to :

(1) avoid shame of appearing ignorant.

(2) compete with each other.

(3) understand and appreciate the process of learning.

(4) prove their worth to others.

एक शिक्षक को ऐसे कक्षा वातावरण का निर्माण करना चाहिए जहाँ छात्रों को सीखने की अभिप्रेरणा मुख्य रूप से किस पर केंद्रित हो ?

(1) अज्ञानी दिखने की शर्म से बचने पर

(2) एक दूसरे के साथ प्रतिस्पर्धा करने पर

(3) सीखने की प्रक्रिया को समझने व उसकी सराहना करने पर

(4) दूसरों के सामने अपनी काबिलियत साबित करने पर

21. **Assertion (A) :** Male characters in stories and books are often presented as strong and adventurous while female characters are shown as warm and sensitive.

**Reason (R) :** Schools and curriculum influence gender-role identity as they are powerful agents of secondary socialization.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true but **(R)** is false.

(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

**अभिकथन (A) :** कहानियों और किताबों में पुरुष पात्रों को अक्सर ताकतवर और साहसी के रूप में प्रस्तुत किया जाता है जबकि महिला पात्रों को स्नेही और संवेदनशील के रूप में दिखाया जाता है।

**कारण (R) :** स्कूल और पाठ्यचर्या जेंडर-भूमिका पहचान को प्रभावित करते हैं क्योंकि वे द्वितीयक सामाजीकरण के शक्तिशाली माध्यम हैं।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

22. **Assertion (A) :** Children who are struggling with dyslexia have trouble in phonological processing that makes it hard to decode words.

**Reason (R) :** All children benefit from being encouraged in their areas of interest and ability.

Choose the **correct** option :

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true but **(R)** is false.

(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

**अभिकथन (A) :** पठन वैकल्य से जूझ रहे बच्चों को ध्वन्यात्मक प्रसंस्करण में परेशानी होती है जिससे शब्दों को डिकोड करना मुश्किल हो जाता है।

**कारण (R) :** सभी बच्चों को उनकी रुचि और क्षमता के क्षेत्रों में प्रोत्साहित किए जाने से लाभ होता है।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

23. What is the role of peers in the socialization process ?

(1) Peers have no major influence on socialization.

(2) Peers have a minor influence on socialization compared to parents and other adults in all stages of development.

(3) Peers are the primary agents of socialization for children.

(4) Peers have a greater influence on socialization during adolescence than during early childhood.

सामाजीकरण की प्रक्रिया में समकक्षियों की क्या भूमिका है?

(1) समकक्षियों का सामाजीकरण पर कोई बड़ा प्रभाव नहीं है।

(2) विकास के सभी चरणों में माता-पिता और अन्य वयस्कों की तुलना में समकक्षियों का सामाजीकरण पर बहुत कम प्रभाव पड़ता है।

(3) समकक्षी बच्चों के सामाजीकरण की प्राथमिक संस्था हैं।

(4) बचपन की तुलना में किशोरावस्था के दौरान समकक्षियों का सामाजीकरण पर अधिक प्रभाव पड़ता है।

24. Which of the following statements about learning is **not** correct ?

(1) Learners construct knowledge that makes sense to them.

(2) New learning depends on current understanding.

(3) Social interaction hinders learning.

(4) The most meaningful learning occurs within real-world tasks.

सीखने के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है?

(1) शिक्षार्थी उस ज्ञान की रचना करते हैं जो उनके लिए मायने रखता है।

(2) नई सीख वर्तमान समझ पर निर्भर करती है।

(3) सामाजिक संपर्क सीखने में बाधा डालता है।

(4) सबसे सार्थक सीख दुनिया के प्रामाणिक कार्यों में होती है।

25. As per constructivist approaches of learning, learning is facilitated when :
(1) Activities are interactive and collaborative.
(2) Content is disconnected and eccentric.
(3) Pedagogy is teacher-centric and culturally indifferent.
(4) Tasks are incoherent and disorderly.
सीखने के संरचनावादी उपागम के अनुसार, सीखना तब सुगम होता है जब :
(1) गतिविधियाँ परस्पर संवादात्मक और सहयोगी होती हैं।
(2) विषय-वस्तु पृथक और उत्केन्द्री होता है।
(3) शिक्षाशास्त्र शिक्षक-केंद्रित और सांस्कृतिक रूप से पृथक होता है।
(4) कार्य असंगत और अव्यवस्थित होते हैं।

26. **Assertion (A) :** Though height and body build are primarily inherited characteristics, good nutrition and exercise also make a difference.
**Reason (R) :** Heredity and environment interact in their effects on development.
Choose the **correct** option :
(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(3) **(A)** is true but **(R)** is false.
(4) Both **(A)** and **(R)** are false.
**अभिकथन (A) :** हालाँकि लम्बाई और शारीरिक संरचना मुख्य रूप से विरासत में मिली विशेषताएँ हैं, अच्छे पोषण और व्यायाम से भी इनमें फर्क पड़ता है।
**कारण (R) :** आनुवंशिकता और पर्यावरण की परस्पर अंत:क्रिया का विकास पर प्रभाव पड़ता है।
**सही** विकल्प चुनें :
(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(3) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।
(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

27. In an inclusive classroom, adaptations should be made in :
(a) Learning goals
(b) Teaching-learning strategies
(c) Provisioning of support
(d) Assessment
(1) (a), (b), (d) (2) (a), (c), (d) (3) (b), (c), (d) (4) (a), (b), (c), (d)
एक समावेशी कक्षा में अनुकूलन किसमें किया जाना चाहिए ?
(a) अधिगम के लक्ष्य में
(b) शिक्षण-अधिगम की रणनीतियों में
(c) सहायता के प्रावधान में
(d) मूल्यांकन में
(1) (a), (b), (d) (2) (a), (c), (d) (3) (b), (c), (d) (4) (a), (b), (c), (d)

28. Which of the following does **not** come under the category of sensory impairments ?

(1) colour blindness (2) dysgraphia

(3) hard of hearing (4) partial loss of vision

निम्नलिखित में से कौन-सी अक्षमता संवेदी बाधिता के अंतर्गत **नहीं** आती है?

(1) रंग दृष्टिहीनता (2) लेखन वैकल्य

(3) श्रवण में कठिनाई (4) दृष्टि की आंशिक हानि

29. National Education Policy (NEP) 2020 emphasizes on transforming assessment by :

(1) devaluing socio-cultural context of students

(2) executing summative form of assessment

(3) incorporating self-assessment and peer-assessment

(4) practicing unitary notion of intelligence

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 आकलन में क्या बदलाव करने की सिफारिश करती है?

(1) छात्रों के सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ का अवमूल्यन करने की

(2) आकलन के योगात्मक रूप को क्रियान्वित करने की

(3) स्व-मूल्यांकन और सहकर्मी-मूल्यांकन को शामिल करने की

(4) बुद्धि की एकात्मक धारणा को लागू करने की

30. Following Lev Vygotsky's ideas, a teacher decided to give hints and cues to the students who were stuck on a given problem and let the students try to solve that problem again. By doing so, teacher is practicing the concept of __________.

(1) Assimilation (2) Collective monologue

(3) Functional Fixedness (4) Scaffolding

लेव वायगोत्स्की के विचारों का पालन करते हुए, एक शिक्षक ने उन छात्रों को सुझाव और संकेत देने का फैसला किया जो किसी समस्या पर अटके हुए थे, और उन्हें उस समस्या को फिर से हल करने का प्रयास करने का मौका दिया। ऐसा करके, शिक्षक __________ की अवधारणा का अभ्यास कर रहा है।

(1) आत्मसातीकरण (2) सामूहिक एकालाप

(3) कार्यात्मक स्थिरता (4) आलंबन

**IMPORTANT / महत्त्वपूर्ण**

***Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part - II (Mathematics and Science) OR from Part - III (Social Studies / Social Science).***

***परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग - II ( गणित व विज्ञान ) या भाग - III ( सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान ) से करने हैं।***

## PART - II / भाग - II

## MATHEMATICS AND SCIENCE / गणित व विज्ञान

***Direction :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए।*

**31.** The product of two rational numbers is $-\frac{40}{3}$. If one of them is $-\frac{5}{2}$, and the reciprocal of the other is $x$, then what is the value of $\left(8x + 2\frac{1}{4}\right)$ ?

दो परिमेय संख्याओं का गुणनफल $-\frac{40}{3}$ है। यदि उनमें से एक $-\frac{5}{2}$ है और दूसरी संख्या का व्युत्क्रम $x$ है, तो $\left(8x + 2\frac{1}{4}\right)$ का मान क्या है ?

(1) $4\frac{1}{2}$ (2) $4\frac{3}{4}$ (3) $3\frac{1}{2}$ (4) $3\frac{3}{4}$

**32.** One of the factors of $4x^2+9y^2+12xy-5(2x+3y)-14$ is :

$4x^2+9y^2+12xy-5(2x+3y)-14$ का एक गुणनखंड है :

(1) $2x+3y+14$ (2) $2x+3y-2$ (3) $2x+3y-7$ (4) $2x+3y+7$

**33.** Tests which provide information about the relative performance of members of a specific group of students are called :

(1) Norm referenced tests (2) Criterion referenced tests

(3) Achievement tests (4) Diagnostic tests

जो परीक्षण विद्यार्थियों के एक विशिष्ट समूह के सदस्यों के सापेक्ष प्रदर्शन के बारे में जानकारी प्रदान करते है __________ कहलाते हैं।

(1) मानक संदर्भित परीक्षण (2) मानदण्ड संदर्भित परीक्षण

(3) उपलब्धि परीक्षण (4) नैदानिक परीक्षण

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**34.** Which of the following statement(s) is/are **true** ?

(a) A number never exceeds its square.

(b) All negative numbers exceeds their cubes.

(c) A number never exceeds its cube.

(d) The square root of a prime number is not a rational number.

(1) (a) and (b) (2) (b) and (c) (3) (b) only (4) (d) only

निम्न में से कौनसा/कौनसे कथन **सत्य** है/हैं ?

(a) कोई संख्या कभी भी अपने वर्ग से बड़ी नहीं होती है।

(b) सभी ऋणात्मक संख्याएँ अपने घनों से बड़ी होती हैं।

(c) कोई संख्या अपने घन से बड़ी कभी नहीं होती है।

(d) किसी अभाज्य संख्या का वर्गमूल एक परिमेय संख्या नहीं है।

(1) (a) और (b) (2) (b) और (c) (3) केवल (b) (4) केवल (d)

**35.** A and D are two points lying on the same side of line segment BC, such that AB = 5 cm, AC = 8 cm, BC = 4 cm, BD = 8 cm and CD = 5 cm. Then,

(1) $\Delta ABC \cong \Delta DBC$, by SAS (2) $\Delta ABC \cong \Delta DCB$, by SAS

(3) $\Delta ABC \cong \Delta DBC$, by SSS (4) $\Delta ABC \cong \Delta DCB$, by SSS

A और D दो बिंदु रेखाखंड BC के एक ही ओर स्थित दो बिंदु इस प्रकार हैं कि AB = 5 cm, AC = 8 cm, BC = 4 cm, BD = 8 cm और CD = 5 cm है। तब,

(1) $\Delta ABC \cong \Delta DBC$, SAS द्वारा (2) $\Delta ABC \cong \Delta DCB$, SAS द्वारा

(3) $\Delta ABC \cong \Delta DBC$, SSS द्वारा (4) $\Delta ABC \cong \Delta DCB$, SSS द्वारा

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

36. Which of the following statements related to project method in teaching of mathematics are correct ?

(a) It is a method based on learning by doing.

(b) It is a method in which the role of the learner is minimum.

(c) It is a method which turns the learners into a discoverer.

(d) It is always based on deduction.

Choose the **correct** option :

(1) (a) and (b) (2) (b) and (c) (3) (c) and (d) (4) (a) and (c)

गणित शिक्षण में परियोजना विधि से संबंधित निम्नलिखित कथनों में से कौन-से कथन सही हैं?

(a) यह क्रियामूलक ज्ञान (करके सीखना) पर आधारित विधि है।

(b) यह एक ऐसी विधि है जिसमें अधिगमकर्ता की भूमिका सबसे कम है।

(c) यह एक ऐसी विधि है जो अधिगमकर्ता को एक खोजकर्ता में परिवर्तित कर देती है।

(d) यह हमेशा निगमनात्मकता पर आधारित होती है।

**सही** विकल्प चुनें :

(1) (a) और (b) (2) (b) और (c) (3) (c) और (d) (4) (a) और (c)

37. Which of the following problems is inter-disciplinary in nature ?

(1) Draw the mirror image of a given figure.

(2) How many lines of symmetry are there in a given figure.

(3) Write your name and draw the lines of symmetry in each alphabet wherever possible.

(4) Draw the lines of symmetry in a given geometrical figure.

नीचे दी गई समस्याओं में से कौन सी समस्या की प्रकृति में अंत:विषयतता है?

(1) दी गई आकृति का दर्पण प्रतिबिम्ब बनाइए।

(2) दी गई आकृति में कितनी सममिति रेखाएँ हैं।

(3) आप अपना नाम लिखिए और प्रत्येक अक्षर में जहाँ सम्भव हो सममिति रेखाएँ खींचिए।

(4) दी गई ज्यामितीय आकृति में सममिति रेखाएँ खींचिए।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**38.** Which of the following number is **not** divisible by 72 ?
निम्न में से कौनसी संख्या 72 से विभाज्य **नहीं** है ?
(1) 95112 (2) 95142 (3) 88848 (4) 88704

**39.** Which of the following is an effective teaching-learning material to introduce basic concepts such as shapes, perimeter, area and characteristics of polygons ?
(1) Geoboard (2) Hanoi Tower
(3) Cuisenaire rods (4) Tangrams
आधारभूत अवधारणाएँ जैसे आकृतियाँ, परिमाप, क्षेत्रफल और बहुभुजों की विशेषताओं (गुण) का परिचय देने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी एक प्रभावी शिक्षण-अधिगम सामग्री है ?
(1) जियोबोर्ड (2) हनोई टॉवर
(3) क्युज़नेअर रॉड्स (4) टैनग्राम

**40.** If $a + b = \frac{17}{6}$ and $ab = 2$, then what is the value of $(a - b)$, where $a > b$ ?
यदि $a + b = \frac{17}{6}$ और $ab = 2$ है, तो $(a - b)$ का मान क्या होगा, जबकि $a > b$ है ?
(1) $\frac{1}{3}$ (2) $\frac{2}{3}$ (3) $\frac{1}{6}$ (4) $\frac{1}{12}$

**41.** Which among the following is/are the purpose of formative assessment ?
(a) Making assessment a part of teaching.
(b) Ranking and placement of children.
(c) Providing feedback to the children.
Choose the **correct** option :
(1) (a) and (b) (2) (b) and (c) (3) Only (c) (4) (a) and (c)
निम्नलिखित में से कौन-सा/से रचनात्मक आकलन का/के लक्ष्य है/हैं ?
(a) आकलन को अध्यापन का एक हिस्सा बनाना
(b) बच्चों को श्रेणीबद्ध और उनका स्थान नियोजित करना
(c) बच्चों को प्रतिपुष्टि प्रदान करना
**सही** विकल्प चुनें :
(1) (a) और (b) (2) (b) और (c) (3) केवल (c) (4) (a) और (c)

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

42. A pie chart is constructed for the following data :

| Month | January | February | March | April | May | June |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Number of computers sold | 500 | 700 | 840 | 750 | 890 | 820 |

निम्न आंकड़ों के लिए एक पाई चार्ट बनाया जाता है :

| मास | जनवरी | फरवरी | मार्च | अप्रैल | मई | जून |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बेचे गए कंप्यूटरों की संख्या | 500 | 700 | 840 | 750 | 890 | 820 |

What will be the difference between the central angles of the sectors representing the number of computers sold in March and January ?

उन त्रिज्यखंडों के केन्द्रीय कोणों में क्या अंतर होगा, जो मार्च और जनवरी में बेचे गए कंप्यूटरों की संख्याओं को दर्शाते हैं ?

(1) 27.2° (2) 28° (3) 28.8° (4) 29°

43. A swimming pool is 20 m in length, 15 m in breadth and 4 m in depth. What is the cost of plastering its floor and walls at ₹ 42 per $m^2$ ?

एक तरणताल की लंबाई 20 m, चौड़ाई 15 m तथा गहराई 4 m है। इसके फर्श तथा इसके दीवारों पर ₹ 42 प्रति $m^2$ की दर से प्लास्टर करवाने की लागत क्या होगी ?

(1) ₹ 24,276 (2) ₹ 24,360 (3) ₹ 24,780 (4) ₹ 25,200

44. "Developing an understanding about patterns is considered essential for teaching algebra". Which of the following represents correct reason for the given statement ?

(1) Patterns are comparatively easier
(2) Patterns have a lot of real-life application unlike algebra
(3) Patterns are associated with generalization
(4) Making patterns enhances creative mindset

''पैटर्न की समझ का विकास बीजगणित पढ़ाने के लिए आवश्यक माना जाता है।'' निम्नलिखित में से कौन सा दिए गए कथन के लिए सही कारण को निरूपित करता है ?

(1) पैटर्न तुलनात्मक रूप से आसान है
(2) पैटर्न में बहुत सारे वास्तविक जीवन के अनुप्रयोग होते हैं जैसे बीजगणित में नहीं होते
(3) पैटर्न सामान्यीकरण से सम्बन्धित हैं
(4) पैटर्न बनाना रचनात्मक मानसिकता को बढ़ाता है

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

45. Rajiv invested a sum of ₹ 7,000 at 20% p.a. for $1\frac{1}{2}$ years, compounded half yearly, and his friend Amit invested a sum of ₹ 8,000 at 10% p.a. for 2 years, compounded annually. What is the difference between the interest received by Rajiv and Amit, at maturity ?

राजीव ने ₹ 7,000 की एक धनराशि 20% वार्षिक दर पर $1\frac{1}{2}$ वर्ष के लिए निवेशित की, जबकि ब्याज अर्धवार्षिक संयोजित था और उनके मित्र अमित ने ₹ 8,000 की एक राशि 10% वार्षिक दर से 2 वर्ष के लिए निवेश की, जबकि ब्याज वार्षिक संयोजित था। परिपक्वता पर, राजीव द्वारा प्राप्त ब्याज और अमित द्वारा प्राप्त ब्याज में क्या अंतर है ?

(1) ₹ 637 (2) ₹ 632 (3) ₹ 638 (4) ₹ 634

46. If $x$, $y$ and $z$ are respectively the number of faces, vertices and edges of a triangular pyramid, then :

यदि $x$, $y$ और $z$ क्रमश: एक त्रिभुज के आधार वाले पिरामिड के फलकों, शीर्षों और किनारों की संख्याएँ हैं, तो :

(1) $2x+3y-2z=8$
(2) $3x+2y-3z=4$
(3) $2x+2z-3y=6$
(4) $3x+3y-2z=6$

47. Which among the following is the most appropriate 'Method of Proof' for proving $\sqrt{2}$ is an irrational number ?

(1) Direct Proof
(2) Contrapositive
(3) Contradiction
(4) Induction

'$\sqrt{2}$ एक अपरिमेय संख्या है', को प्रमाणित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी 'प्रमाणित करने की विधि' सबसे उपयुक्त है ?

(1) प्रत्यक्ष उपपत्ति
(2) प्रतिस्थिति
(3) विरोधाभास
(4) आगमनात्मक

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

48. The height of a cylinder is three times the radius of its base. If the area of the base is 616 $cm^2$, then what is the capacity (in litres) of the cylinder ? $\left(\text{Use } \pi = \frac{22}{7}\right)$

किसी बेलन की ऊंचाई उसके आधार की त्रिज्या के तिगुने के बराबर है। यदि आधार का क्षेत्रफल 616 $cm^2$ है, तो बेलन की धारिता (लीटर में) क्या है ? $\left(\pi = \frac{22}{7}\right.$ का उपयोग कीजिए$\left.\right)$

(1) 12.936 (2) 25.872 (3) 17.248 (4) 34.496

49. A student was asked to arrange the following numbers in descending order,

−20, −150, 0, 23, 46

The student wrote the following answer,

−150, −20, 0, 23, 46

Which of the following is **most appropriate** for the response of the student ?

(1) The student has written the numbers in correct order.

(2) The student has understood the concept of arranging integers but has done a mistake by arranging them in increasing order.

(3) The student does not know the concept of integers.

(4) The student needs to recall the rules of addition of integers.

एक विद्यार्थी को निम्नलिखित संख्याओं को अवरोही क्रम में लिखने के लिए कहा गया,

−20, −150, 0, 23, 46

विद्यार्थी ने निम्नलिखित उत्तर दिया,

−150, −20, 0, 23, 46

विद्यार्थी द्वारा दिए गए उत्तर के लिए निम्नलिखित में से क्या **सबसे उपयुक्त** है ?

(1) विद्यार्थी ने संख्याओं को सही क्रम में लिखा है।

(2) विद्यार्थी ने पूर्णांकों को क्रम में लगाने की अवधारणा को समझ लिया है किन्तु उनको आरोही क्रम में व्यवस्थित करके एक त्रुटि की है।

(3) विद्यार्थी को पूर्णांकों की अवधारणा पता नहीं है।

(4) विद्यार्थी को पूर्णांकों के जोड़ के नियमों को पुन:स्मरण करने की आवश्यकता है।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

50. On which numeration system the clocks are based ?

(1) Sexagesimal System (2) Decimal System

(3) Hexadecimal System (4) Binary System

घड़ियाँ किस संख्या प्रणाली पर आधारित हैं ?

(1) षाष्टिक (सेक्साजेसिमल) प्रणाली (2) दशमलव प्रणाली

(3) षोडश (हेक्साडेसिमल) प्रणाली (4) द्विआधारी (बाइनरी) प्रणाली

51. The perimeters of two circular fields $C_1$ and $C_2$ are 40 $\pi$ m and 96 $\pi$ m, respectively. What is the radius of the third circular field $C_3$ whose area is equal to the sum of the areas of $C_1$ and $C_2$ ?

दो वृत्ताकार खेतों $C_1$ और $C_2$ के परिमाप क्रमशः 40 $\pi$ m तथा 96 $\pi$ m हैं। तीसरे खेत $C_3$ की त्रिज्या क्या होगी, यदि इसका क्षेत्रफल $C_1$ और $C_2$ के क्षेत्रफलों के योग के बराबर है ?

(1) 68 m (2) 51 m (3) 52 m (4) 53 m

52. Which of the following measurements (in cm) can be the sides of a right triangle ?

निम्न मापनों (cm में) से कौन से मापन एक समकोण त्रिभुज की भुजाएँ हो सकते हैं ?

(1) 14, 50, 48 (2) 12, 20, 18 (3) 16, 30, 32 (4) 12, 50, 44

53. The value of $\frac{\sqrt{5043} \times \sqrt{50}}{\sqrt{32} \times \sqrt{1323}}$ is :

$\frac{\sqrt{5043} \times \sqrt{50}}{\sqrt{32} \times \sqrt{1323}}$ का मान है :

(1) $\frac{205}{42}$ (2) $\frac{205}{84}$ (3) $\frac{215}{42}$ (4) $\frac{215}{84}$

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

**54.** Renu loses 15% by selling an article A for ₹ 382.50 and gains 12% by selling article B for ₹ 616. If she sells both articles for ₹ 1,180, then her percentage gain is :

वस्तु A को ₹ 382.50 पर बेचने से रेनू को 15% की हानि होती है और वस्तु B को ₹ 616 पर बेचने से 12% का लाभ होता है। यदि वह दोनों वस्तुओं को कुल मिलाकर ₹ 1,180 पर बेचे, तो उसका लाभ प्रतिशत होगा :

(1) 16.5% (2) 17% (3) 17.5% (4) 18%

**55.** "While teaching the concept of 'Discount on items' a teacher can plan a trip to a local market." The most appropriate reason for this is :

(1) It would provide opportunity to the students to formally learn the mathematical concepts.

(2) It would provide opportunity to students to see different advertisements related to 'sales' and to discuss with shopkeepers how to calculate it.

(3) It would be a time for enjoyment for both teacher and students.

(4) It is mandatory to have such type of field trip as suggested by National Curriculum Framework 2005.

"'वस्तुओं पर छूट' की अवधारणा के शिक्षण के अंतर्गत, एक शिक्षिका, एक लोकल मार्केट के भ्रमण की योजना बना सकती है।" इसका सबसे उपयुक्त कारण है :

(1) यह विद्यार्थियों को औपचारिक रूप से गणितीय अवधारणाओं के अधिगम के अवसर प्रदान करेगा।

(2) यह विद्यार्थियों को 'सेल' से संबंधित विभिन्न विज्ञापनों को देखने के लिए और दुकानदारों से इनके अभिकलन पर चर्चा करने के अवसर प्रदान करेगा।

(3) यह विद्यार्थियों और शिक्षक दोनों के लिए मौज-मस्ती करने का समय होगा।

(4) इस तरह के क्षेत्र भ्रमण का होना अनिवार्य होता है जैसा कि राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2005 द्वारा सुझाया गया है।

**56.** If $\frac{x}{y} = \left(-\frac{1}{3}\right)^{-3} \div \left(\frac{2}{3}\right)^{-4}$, then the value of $\left(\frac{x}{y} + \frac{y}{x}\right)^{-1} \times \left(\frac{y}{x}\right)^{-1}$ is :

यदि $\frac{x}{y} = \left(-\frac{1}{3}\right)^{-3} \div \left(\frac{2}{3}\right)^{-4}$ है, तो $\left(\frac{x}{y} + \frac{y}{x}\right)^{-1} \times \left(\frac{y}{x}\right)^{-1}$ का मान है :

(1) $\frac{165}{48}$ (2) $\frac{155}{3}$ (3) $\frac{145}{9}$ (4) $\frac{265}{9}$

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**57.** If $(2x-10°)$ and $(3x-50°)$ are complementary angles, then the value of $(4x+40°)$ is :

यदि $(2x-10°)$ और $(3x-50°)$ पूरक कोण हैं, तो $(4x+40°)$ का मान है :

(1) 120° (2) 150° (3) 160° (4) 180°

**58.** In a quadrilateral ABCD, if AB||DC, $\angle B=70°$ and AB = CD, then :

किसी चतुर्भुज ABCD में, यदि AB||DC, $\angle B=70°$ और AB = CD है, तो :

(1) $\angle A=70°$, $\angle C=70°$ (2) $\angle A=70°$, $\angle D=110°$

(3) $\angle C=70°$, $\angle D=110°$ (4) $\angle A=110°$, $\angle C=110°$

**59.** The following observations have been written in the ascending order :

28, 31, 47, 51, a, a + 3, 71, 74, 78, 90

If the median of the data is 61.5, then the mean of the data is :

निम्न प्रेक्षण आरोही क्रम में लिखें हुए हैं :

28, 31, 47, 51, a, a + 3, 71, 74, 78, 90

यदि इन आंकड़ों का माध्यक 61.5 है, तो इन आंकड़ों का माध्य है :

(1) 58.1 (2) 58.4 (3) 59.2 (4) 59.3

**60.** If $5(3x+4)-8(6x+7)=9x-8$, then what is the value of $(3x+4)$ ?

यदि $5(3x+4)-8(6x+7)=9x-8$ है, तो $(3x+4)$ का मान क्या है?

(1) 0 (2) 1 (3) 2 (4) 3

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

> ***Direction :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*
> ***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए।*

**61.** Four test tubes A, B, C and D with different liquids are taken. Test tube A contains glucose solution; test tube B contains turmeric solution, test tube C contains detergent solution and test tube D contains pure water. Which of the following will you observe when you put ?

(a) a piece of blue litmus paper in each test tube

(b) a piece of red litmus paper in each test tube

(c) few drops of phenolphthalein solution to each test tube

| | Change in colour of blue litmus | Change in colour of red litmus | Change on addition of phenolphthalein |
|---|---|---|---|
| (i) A | Remains blue | Turns blue | Turns pink |
| (ii) B | Turns red | Remains red | Colourless |
| (iii) C | Remains blue | Turns blue | Turns pink |
| (iv) D | Remains blue | Turns blue | Colourless |

(1) (i) and (ii) are correct.
(2) (ii) and (iii) are correct.
(3) (i) and (iii) are correct.
(4) (ii) and (iv) are correct.

विभिन्न द्रवों के साथ चार परखनलियाँ A, B, C और D ली गई। परखनली A में ग्लूकोस विलयन है; परखनली B में हल्दी विलयन है; परखनली C में अपमार्जक विलयन है और परखनली D में शुद्ध जल है। निम्नलिखित में से आप क्या देखेंगे जब आप डालेंगे ?

(a) प्रत्येक परखनली में नीले लिटमस कागज़ का एक टुकड़ा

(b) प्रत्येक परखनली में लाल लिटमस कागज़ का एक टुकड़ा

(c) प्रत्येक परखनली में फीनॉलफ्थेलिन विलयन की कुछ बूँदें

| | नीले लिटमस के रंग में परिवर्तन | लाल लिटमस के रंग में परिवर्तन | फीनॉलफ्थेलिन के डालने पर परिवर्तन |
|---|---|---|---|
| (i) A | नीला रहेगा | नीला हो जाएगा | गुलाबी हो जाएगा |
| (ii) B | लाल हो जाएगा | लाल रहेगा | वर्णहीन (रंगहीन) |
| (iii) C | नीला रहेगा | नीला हो जाएगा | गुलाबी हो जाएगा |
| (iv) D | नीला रहेगा | नीला हो जाएगा | वर्णहीन (रंगहीन) |

(1) (i) और (ii) सही हैं।
(2) (ii) और (iii) सही हैं।
(3) (i) और (iii) सही हैं।
(4) (ii) और (iv) सही हैं।

62. Sample of 4 metals A, B, C and D were added to the following solutions separately. The results observed are shown below. What is the order of reactivities of these metals ?

| Metal | $FeSO_4$ | $CuSO_4$ | $ZnSO_4$ |
|---|---|---|---|
| A | No change | a green deposit | - |
| B | a grey deposit | a brown deposit | No change |
| C | - | No change | - |
| D | a brown deposit | - | A white coating on metal |

(1) C < A < B < D
(2) A < C < B < D
(3) D < B < A < C
(4) C < A < D < B

निम्नलिखित विलयनों में पृथकरूप से (अलग-अलग) 4 धातुओं A, B, C और D के नमूने डाले गए। अवलोकित (प्रेक्षित) परिणाम नीचे दिखाए गए हैं। इन धातुओं की अभिक्रियाशीलता का क्रम क्या है ?

| धातु | $FeSO_4$ | $CuSO_4$ | $ZnSO_4$ |
|---|---|---|---|
| A | कोई परिवर्तन नहीं | हरा निक्षेप | – |
| B | धूसर निक्षेप | भूरा निक्षेप | कोई परिवर्तन नहीं |
| C | – | कोई परिवर्तन नहीं | – |
| D | भूरा निक्षेप | – | धातु पर एक सफेद परत |

(1) C < A < B < D
(2) A < C < B < D
(3) D < B < A < C
(4) C < A < D < B

63. Which of the following will NOT contribute to professional development of science teachers ?
(1) Cultivation of hobbies in areas related to science such as robotics and electronics.
(2) Regular meetings with teachers from neighbouring schools.
(3) Regular reading of science content given in science textbooks.
(4) Visits to planetariums, industries and science museums.

निम्नलिखित में से कौन विज्ञान शिक्षकों के पेशेवर विकास में योगदान **नहीं** करेगा ?
(1) विज्ञान से संबंधित क्षेत्रों में अभिरूचि (शौक) को विकसित करना जैसे रोबोटिक्स् एवं इलेक्ट्रोनिक्स।
(2) अड़ोस-पड़ोस के स्कूलों के शिक्षकों से नियमित बैठकें।
(3) विज्ञान पाठ्यपुस्तक में दिए गए विज्ञान विषय-वस्तु को नियमित रूप से पढ़ना।
(4) प्लेनेटोरियम, उद्योगों एवं विज्ञान संग्रहालयों में जाना।

64. Match the hormones given in **Column A** with their deficiency disease given in **Column B**.

| | **Column A** | | **Column B** |
|---|---|---|---|
| (a) | Adrenal hormone | (i) | Dwarfism |
| (b) | Growth hormone | (ii) | Goitre |
| (c) | Thyroxine | (iii) | Diabetes |
| (d) | Insulin | (iv) | Salt imbalance |

(1) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(ii)
(2) (a)-(i), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(iii)
(3) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)
(4) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(iii)

**स्तंभ A** में दिए गए हार्मोनों को **स्तंभ B** में दिए गए अभावजनित रोगों से सुमेलित कीजिए।

| | **स्तंभ A** | | **स्तंभ B** |
|---|---|---|---|
| (a) | अधिवृक्क हार्मोन | (i) | बौनापन |
| (b) | वृद्धि हार्मोन | (ii) | घेंघा (गॉयटर) |
| (c) | थॉयरॉक्सिन | (iii) | मधुमेह |
| (d) | इंसुलिन | (iv) | लवण असंतुलन |

(1) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(ii)
(2) (a)-(i), (b)-(iv), (c)-(ii), (d)-(iii)
(3) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(iii)
(4) (a)-(ii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(iii)

65. Which of the following **cannot** be separated by Crystallization ?
(1) Harvesting salt from impure sample
(2) Separation of Alum from impure sample
(3) Mixture of Zinc chloride and Lead (II) chloride
(4) Solution of methyl alcohol and potassium permanganate

निम्नलिखित में से किसे क्रिस्टलीकरण द्वारा पृथक **नहीं** किया जा सकता है ?
(1) अशुद्ध नमूने से लवण शस्य करना
(2) अशुद्ध नमूने से फिटकरी का पृथक्कीकरण
(3) जिंक क्लोराइड और लेड (सीसा) (II) क्लोराइड का मिश्रण
(4) मिथायल अल्कोहोल और पोटैशियम परमेंगनेट का विलयन

66. A teacher is doing an activity on density. Students observe that a steel spoon sinks in water but a steel bowl floats. She asks students, 'why do you think the bowl did not sink ? What will make it sink ?' Which of the following process skills is the teacher trying to develop among her learners ?
(1) Hypothesizing (2) Observing
(3) Experimenting (4) Inferring

शिक्षिका घनत्व पर एक गतिविधि कर रही है। विद्यार्थियों ने देखा कि एक स्टील की चम्मच पानी में डूबती है जबकि स्टील की कटोरी तैरती है। उसने विद्यार्थियों से पूछा, 'आपको क्या लगता हैं कि कटोरी क्यों नहीं डूबी ? उसे क्या डुबा सकता है ?' निम्नलिखित में से शिक्षिका अपने विद्यार्थियों में किस प्रक्रिया कौशल को विकसित करने का प्रयास कर रही है ?
(1) परिकल्पना करने (2) अवलोकन (प्रेक्षण) करने
(3) प्रयोग करने (4) निष्कर्ष निकाल पाने

**67.** Read the excerpt given below and answer the question.

French scientist Henri Becquerel was working on phosphorescent materials, which glow in the dark after exposure to light. He believed that sunlight was the reason that the crystal would burn its image on a photographic plate. On a stormy day in 1896, he decided to leave it for few days and resume his experiments later. A few days later, he took his crystal out of a darkened drawer. He noticed that the image burned on the plate was 'fogged' which meant that the crystal had still emitted rays, despite the lack of sunlight.

What does the above excerpt illustrate about science ?

(1) Scientific discovery can be serendipitous.

(2) Science is a solitary pursuit.

(3) Scientific knowledge is tentative.

(4) Science is procedural more than creative.

निम्नलिखित उद्धरण को पढ़िए तथा प्रश्न का उत्तर दें :

फ्राँसीसी वैज्ञानिक हेनरी बेकरेल स्फुरदीप्त सामग्री पर काम कर रहा था जो प्रकाश के संपर्क में आने के पश्चात अंधेरे में उद्दीप्त होता है। उसे विश्वास था कि सूर्य के प्रकाश के कारण ही क्रिस्टल फोटो प्लेट पर अपने बिम्ब को जलाएगी। 1896 में एक तूफानी दिन, उसने निर्णय लिया कि प्लेट को कुछ दिनों के लिए ऐसे ही छोड़ देगा और बाद में वह अपना प्रयोग पुन: आरंभ करेगा। कुछ दिनों बाद, उसने अपनी क्रिस्टल को अंधेरे वाली दराज से निकाला। उसने यह ध्यान दिया कि प्लेट पर जला हुआ बिम्ब 'धूमिल' था जिसका अर्थ यह था कि क्रिस्टल ने सूर्य के प्रकाश का अभाव होने पर भी किरणें उत्सर्जित की थीं।

उपरोक्त उद्धरण विज्ञान के बारे में क्या चित्रित करता है ?

(1) प्रत्येक वैज्ञानिक अन्वेषण (खोज) संयोगवश हो सकती है।

(2) विज्ञान अकेले की जानी वाली गतिविधि है।

(3) वैज्ञानिक ज्ञान अस्थायी है।

(4) विज्ञान रचनात्मक (सृजनात्मक) से अधिक कार्यविधिक है।

**68.** Sana and Priya measure their body temperature using thermometers. Sana recorded her body temperature to be 98.6°F while Priya recorded hers to be 38.4°C.

Which of the following statement is **true** ?

(1) Body temperature of Sana is more than that of Priya.

(2) Body temperature of Priya is more than that of Sana.

(3) Both Sana and Priya have same body temperature.

(4) Both Sana and Priya are suffering from fever.

सना और प्रिया थर्मामीटर से अपने शरीर का तापमान मापती हैं। सना ने अपने शरीर का तापमान 98.6°F रिकॉर्ड (अभिलेखित) किया जबकि प्रिया ने अपना 38.4°C रिकॉर्ड किया।

निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही** है ?

(1) सना के शरीर का तापमान प्रिया के तापमान से अधिक है।

(2) प्रिया के शरीर का तापमान सना के तापमान से अधिक है।

(3) सना और प्रिया दोनों का समान शारीरिक तापमान है।

(4) सना और प्रिया दोनों बुखार से ग्रस्त हैं।

69. Which of the following attributes would you associate with 'Scientific temper' ?

(A) Perseverance in carrying out scientific investigations.

(B) Creativity in coming up with big problems to be investigated and breaking them down into smaller 'solvable' parts.

(C) Scepticism towards non-scientific beliefs.

(D) Commitment towards cultural preservation.

(1) (A), (B) and (D) (2) (A), (B) and (C)

(3) (A), (C) and (D) (4) (A), (B), (C) and (D)

निम्नलिखित में से कौन सी विशेषता (गुण) को आप 'वैज्ञानिक स्वभाव' के साथ संबद्ध करेंगे ?

(A) वैज्ञानिक जाँचों को कार्यान्वित करने में दृढ़ता

(B) जिन बड़ी समस्याओं की जाँच होनी होती है और उन्हें 'हल-योग्य' छोटे भागों में तोड़ने की कल्पना करने में रचनात्मकता

(C) गैर-वैज्ञानिक मान्यताओं के प्रति संदेहवाद

(D) सांस्कृतिक परिरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता

(1) (A), (B) और (D) (2) (A), (B) और (C)

(3) (A), (C) और (D) (4) (A), (B), (C) और (D)

70. Consider the two statements $S_1$ and $S_2$ given below and choose the correct option.

$S_1$ - Non-zero work has to be done on a moving particle to change its momentum.

$S_2$ - To change momentum of a particle, a non-zero net force should act on it.

(1) $S_1$ is true but $S_2$ is false. (2) $S_1$ is false but $S_2$ is true.

(3) Both $S_1$ and $S_2$ are true. (4) Both $S_1$ and $S_2$ are false.

नीचे दिए गए दो कथनों $S_1$ और $S_2$ पर विचार कीजिए तथा सही विकल्प का चयन कीजिए।

$S_1$ - शून्येत्तर कार्य को गतिशील कण पर उसके संवेग को परिवर्तित करने के लिए किया जाना चाहिए।

$S_2$ - कण के संवेग को परिवर्तित करने के लिए उस पर शून्येत्तर नेट बल को कार्य करना चाहिए।

(1) $S_1$ सही है परन्तु $S_2$ गलत है। (2) $S_1$ गलत है परन्तु $S_2$ सही है।

(3) $S_1$ और $S_2$ दोनों सही हैं। (4) $S_1$ और $S_2$ दोनों गलत हैं।

71. Which of the following tasks would be least suitable for developing an understanding of the relationship of science with society among learners ?

(1) Debate on nuclear energy

(2) Group project on latest developments in science and technology

(3) Concept map on sources of energy

(4) Poster competition on contribution of Indian scientists to the World

निम्नलिखित में से कौन सा कार्य विद्यार्थियों में विज्ञान के साथ समाज के संबंध की समझ का विकास करने के लिए सबसे कम उपयुक्त होगा ?

(1) परमाणु ऊर्जा पर वाद-विवाद

(2) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवीनतम विकास पर समूह परियोजना

(3) ऊर्जा के स्रोतों पर अवधारणा मानचित्र

(4) विश्व के लिए भारतीय वैज्ञानिकों के योगदान पर पोस्टर प्रतियोगिता

72. The free ends of an electric circuit comprising a cell and switch are connected one by one to wires A, B, C and D. Which of these wires would produce least amount of heat ?

| Wire | length (cm) | Area of Cross-section ($m^2$) |
|---|---|---|
| A | 10 | $10 \times 10^{-8}$ |
| B | 10 | $8 \times 10^{-8}$ |
| C | 12 | $6 \times 10^{-8}$ |
| D | 5 | $10 \times 10^{-8}$ |

(1) A (2) B (3) C (4) D

एक सेल और स्विच से निर्मित विद्युत परिपथ के मुक्त (खुले) सिरों को एक-एक करके A, B, C और D तारों से जोड़ा गया। इनमें से कौन सी तार ताप की न्यूनतम मात्रा उत्पन्न करेगी ?

| तार | लंबाई (से.मि.) | अनुप्रस्थ काट का क्षेत्रफल ($m^2$) |
|---|---|---|
| A | 10 | $10 \times 10^{-8}$ |
| B | 10 | $8 \times 10^{-8}$ |
| C | 12 | $6 \times 10^{-8}$ |
| D | 5 | $10 \times 10^{-8}$ |

(1) A (2) B (3) C (4) D

73. Read the statements given below and choose the **correct** option.

**Assertion (A) :** Small intestine is the site of complete digestion of food.

**Reasoning (R) :** Villi have a large surface area which helps the small intestine in absorption of food.

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct reasoning for **(A).**

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct reasoning for **(A).**

(3) **(A)** is true but **(R)** is false.

(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए तथा **सही** विकल्प का चयन कीजिए।

**अभिकथन (A) :** क्षुद्रांत्र संपूर्ण पाचन का स्थल है।

**तर्क (R) :** दीर्घरोम का बढ़ा तलक्षेत्र होता है जो क्षुद्रांत्र में भोजन को अवशोषित करने में मदद करता है।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R), (A)** की सही तर्कणा है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R), (A)** की सही तर्कणा नहीं है।

(3) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

**74.** While discussing about nature of Science in his class, a teacher makes the following remark - 'A scientist is open-minded'.
What does this remark highlight about scientists ?
(1) They constantly come up with new ideas.
(2) They also consider ideas which go against their own ideas.
(3) They openly share their ideas with everyone.
(4) They do not agree with the views of other scientists.
अपनी कक्षा में विज्ञान की प्रकृति के संबंध में परिचर्चा करते समय, एक शिक्षक निम्नलिखित टिप्पणी करता है। 'वैज्ञानिक उदारमति होता है'।
यह टिप्पणी वैज्ञानिकों के बारे में क्या उजागर करती है?
(1) वे निरंतर नए विचारों के साथ आते हैं।
(2) वे उन विचारों का भी संज्ञान लेते हैं जो उनके स्वयं के विचारों के विरुद्ध जाते हों।
(3) वे मुक्तरूप से सब के साथ अपने विचार साझा करते हैं।
(4) वे दूसरे (अन्य) वैज्ञानिकों के मतों के साथ सहमत नहीं होते हैं।

**75.** Match the animal with the mode of feeding.

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Housefly | (i) | Biting and chewing |
| (b) | Humming bird | (ii) | Sucking |
| (c) | Cockroach | (iii) | Sponging |
| (d) | Infants | (iv) | Suckling |

(1) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii)
(2) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iv)
(3) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(ii)
(4) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)
जीवों का उनके भोजन ग्रहण के माध्यम के साथ मिलान कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | घरेलू मक्खी | (i) | काटना और चबाना |
| (b) | मर्मर-पक्षी | (ii) | चूसना |
| (c) | कॉकरोच | (iii) | सोखना |
| (d) | नवजात | (iv) | दूध पीना |

(1) (a)-(iv), (b)-(iii), (c)-(i), (d)-(ii)
(2) (a)-(iii), (b)-(ii), (c)-(i), (d)-(iv)
(3) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(iii), (d)-(ii)
(4) (a)-(iii), (b)-(iv), (c)-(i), (d)-(ii)

**76.** Which of the following is a mismatched set ?

| | Column (A) | Column (B) | Column (C) |
|---|---|---|---|
| (1) | Plaster of Paris | $CaSO_4.\frac{1}{2}H_2O$ | Used in coating walls |
| (2) | Gypsum | $CaSO_4.2H_2O$ | Used in Dentistry |
| (3) | Bleaching powder | $CaOCl_2$ | Used in Laundry |
| (4) | Slaked lime | $CaO$ | Used for lowering the acidity of soil |

निम्नलिखित में से कौन सा बेमेल समुच्चय है?

| | कॉलम (A) | कॉलम (B) | कॉलम (C) |
|---|---|---|---|
| (1) | पेरिस प्लास्टर | $CaSO_4.\frac{1}{2}H_2O$ | दीवारों पर लेपन में प्रयोग होता है |
| (2) | जिप्सम | $CaSO_4.2H_2O$ | दंतिकास्थि में प्रयोग होता है |
| (3) | विरंजक चूर्ण | $CaOCl_2$ | धुलाई-घर में प्रयोग होता है |
| (4) | बुझा चूना | $CaO$ | मृदा की अम्लता को कम करने के लिए प्रयोग होता है |

77. In a science class, Mr. Sumit brought some material. It was a water bottle, a glass and thick paper sheet. He poured water in the glass and put the thick paper sheet on it. Slowly and carefully, he inverted the glass and removed his hand from there. Learners were surprised that paper had stuck on the glass and water was not coming out.

Some students said that paper had glue inside while others said it had stuck due to water inside the bottle. What, according to you, was the objective of doing this task ?

(A) Help learners to understand that experiments are the principal route to scientific knowledge.

(B) Encourage learners to construct explanations based on their observations.

(C) Encourage learners to ask questions.

(1) (A) and (B) (2) (B) and (C) (3) (C) and (A) (4) (A), (B) and (C)

विज्ञान कक्षा में, सुमित कुछ सामग्री लाया। वह थी एक पानी की बोतल, एक गिलास और मोटे कागज़ की शीट। वह गिलास में पानी डालता है तथा उस पर मोटे कागज़ की शीट को रख देता है। धीरे से और सावधानीपूर्वक, वह गिलास को व्युत्क्रमित अवस्था में रखता है तथा अपना हाथ हटा लेता है। विद्यार्थी चकित थे कि कागज़ गिलास से चिपक गया है और पानी बाहर नहीं आ रहा है।

कुछ विद्यार्थियों ने कहा कि कागज़ के भीतर गोंद थी जबकि अन्य ने कहा कि बोतल के अंदर पानी होने के कारण वह चिपक गया है।

आपके अनुसार यह कार्य करने का उद्देश्य क्या था ?

(A) विद्यार्थियों की यह समझने में मदद करना कि प्रयोग ही वैज्ञानिक ज्ञान के लिए मुख्य मार्ग होते हैं।

(B) विद्यार्थियों को उनके अवलोकन (प्रेक्षण) पर आधारित स्पष्टीकरण (व्याख्या) की संरचना हेतु प्रोत्साहित करना।

(C) विद्यार्थियों को प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करना।

(1) (A) और (B) (2) (B) और (C) (3) (C) और (A) (4) (A), (B) और (C)

78. Read the following statements and choose the **correct** option.

**Assertion (A) :** While preparing a dough for bread, baking powder is added along with yeast to facilitate fermentation.

**Reasoning (R) :** Baking powder acts as food for yeast.

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct reasoning for **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct reasoning for **(A)**.

(3) **(A)** is false but **(R)** is true.

(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और **सही** कथन का चयन कीजिए।

**अभिकथन (A) :** ब्रेड बनाने के लिए आटा गूँधते समय, यीस्ट के साथ बेकिंग पाउडर भी डाला जाता है।

**तर्क (R) :** बेकिंग पाउडर यीस्ट के लिए भोजन का कार्य करता है।

(1) **(A)** व **(R)** दोनों सही हैं और **(R), (A)** की सही तर्कणा है।

(2) **(A)** व **(R)** दोनों सही हैं किन्तु **(R), (A)** की सही तर्कणा नहीं है।

(3) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही है।

(4) **(A)** व **(R)** दोनों गलत हैं।

79. Read the following excerpt.
'There was a belief that all living beings on earth were created by God. However, Darwin and Wallance came up with the idea that life forms evolved on the earth from previously existing forms of life'.
What does the above excerpt illustrate about the nature of Science ?
(1) Science is value neutral.
(2) Science progresses by following the scientific method.
(3) Science is tentative.
(4) Science is interdisciplinary.
निम्नलिखित उद्धरण को पढ़िए :
''एक विश्वास (आस्था) थी कि पृथ्वी पर समस्त जीव-धारियों को भगवान द्वारा बनाया गया है। लेकिन, डार्विन और वॉलेस इस विचार के साथ आए कि जीवन के स्वरूप पृथ्वी पर पहले से विद्यमान रूपों से विकसित हुए थे''।
उपरोक्त उद्धरण विज्ञान की प्रकृति के संबंध में क्या चित्रित करता है?
(1) विज्ञान मान (मूल्य)-निरपेक्ष (न्यूट्रल) है।
(2) विज्ञान वैज्ञानिक विधि का अनुपालन करने द्वारा प्रगति करता है।
(3) विज्ञान अस्थायी है।
(4) विज्ञान अंत:विषयक है।

80. A student has an alternative conception that air contracts on heating. Which of the following strategies would you adopt to challenge this alternative conception ?
(1) Explain the difference between conduction and convection to illustrate that air is a poor conductor of heat.
(2) Ask students to do an activity which involves filling a plastic bottle to half of its capacity with very hot water, capping tightly and keeping it aside for few minutes. Ask students to note down the observations.
(3) Ask students to refer to the textbook for examples from daily life where air expands on heating.
(4) Ask the students to attach a deflated balloon to the mouth of a bottle containing air and place the bottle in water bath containing boiling water and note down the observations.
एक विद्यार्थी की वैकल्पिक अवधारणा है कि वायु गर्म होने पर संकुचित होती है। निम्नलिखित में से कौन सी रणनीति आप अपनाएँगे इस वैकल्पिक अवधारणा को चुनौती देने के लिए?
(1) चालन और संवहन के बीच के अंतर स्पष्ट (समझाएँ) यह चित्रित करने के लिए करें कि वायु, ताप की हीन चालक है।
(2) विद्यार्थियों को एक ऐसी गतिविधि करने के लिए कहें जिसमें एक प्लास्टिक की बोतल को उसकी आधी क्षमता तक गर्म पानी भरकर, कसकर ढक्कन लगाने तथा उसे कुछ मिनट के लिए अलग रखना हो। विद्यार्थियों को अवलोकन लिखने के लिए कहना।
(3) विद्यार्थियों को उन दैनिक जीवन के उदाहरणों के लिए पाठ्यपुस्तक की सहायता लेने के लिए कहना जहाँ तापन पर वायु फैल जाती है।
(4) विद्यार्थियों को उस बोतल के मुँह पर अपस्फीत गुब्बारा लगाने के लिए कहना जिसमें हवा हो तथा उस बोतल को उबलते पानी के जल-ऊष्मक में रख दें और अवलोकन लिखने के लिए कहना।

81. Which method of reproduction is common to fungus, moss and fern ?
(1) Budding (2) Fragmentation
(3) Spore formation (4) Regeneration
कवक, काई और पर्णांग में जनन की कौन सी विधि समान है?
(1) मुकुलन (2) खंडन
(3) बीजाणु निर्माण (रचना) (4) पुनर्जनन

**82.** Identify the metals on the basis of their reaction with water.

A - reacts violently with cold water

B - reacts with steam only

C - does not react with water

(1) Potassium, Iron, Copper (2) Sodium, Copper, Aluminium

(3) Calcium, Zinc, Iron (4) Magnesium, Aluminium, Silver

धातुओं की उनकी जल के साथ अभिक्रिया के आधार पर पहचान कीजिए।

A - शीतजल के साथ तीक्ष्ण रूप से अभिक्रिया करती है

B - केवल वाष्प के साथ अभिक्रिया करती है

C - जल के साथ अभिक्रिया नहीं करती है

(1) पोटैशियम, लोह, ताँबा (2) सोडियम, ताँबा, ऐलुमिनियम

(3) कैल्सियम, जस्त (ज़िंक), लोह (4) मैग्नीशियम, ऐलुमिनियम, चांदी

**83.** Match the organism in **Column A** with its action in **Column B**.

| | **Column A** | | **Column B** |
|---|---|---|---|
| (a) | Yeast | (i) | Causing cholera |
| (b) | Protozoan | (ii) | Causing AIDS |
| (c) | Bacteria | (iii) | Producing antibodies |
| (d) | Virus | (iv) | Baking of bread |
| | | (v) | Causing malaria |

(1) (a)-(iv), (b)-(v), (c)-(i), (d)-(ii)

(2) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(v)

(3) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(v)

(4) (a)-(i), (b)-(v), (c)-(iii), (d)-(ii)

**स्तंभ A** में दिए गए जीव को **स्तंभ B** में दी गई उसकी क्रिया से सुमेलित कीजिए।

| | **स्तंभ A** | | **स्तंभ B** |
|---|---|---|---|
| (a) | यीस्ट | (i) | हैजा उत्पन्न करना |
| (b) | प्रोटोजोआ | (ii) | AIDS/एड्स उत्पन्न करना |
| (c) | बैक्टीरिया | (iii) | प्रतिरोधी उत्पन्न करना |
| (d) | वायरस | (iv) | डबलरोटी पकाना |
| | | (v) | मलेरिया पैदा/उत्पन्न करना |

(1) (a)-(iv), (b)-(v), (c)-(i), (d)-(ii)

(2) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(v)

(3) (a)-(iv), (b)-(i), (c)-(ii), (d)-(v)

(4) (a)-(i), (b)-(v), (c)-(iii), (d)-(ii)

**84.** Which of the following is not done during the process of treatment of waste water ?

(1) Sludge is scraped out and skimmer removes the grease.

(2) Waste water enters a grit and sand removal tank.

(3) Inorganic impurities such as nitrates and phosphates are removed by chlorination.

(4) Sand, grit and pebbles are made to settle by decreasing the speed of waste water.

निम्नलिखित में से कौन सा अपशिष्ट जल के उपचार की प्रक्रिया के समय नहीं किया जाता है?

(1) आपंक (स्लज) को बाहर निकाला जाता है तथा अपमथित्र (स्किमर) ग्रीस जैसी अशुद्धियों को हटाता है।

(2) अपशिष्ट जल ग्रिट और बालू अलग करने की टंकी में जाता है।

(3) अजैविक अशुद्धताओं जैसे कि नाइट्रेट और फॉस्फेट को क्लोरिनन द्वारा अलग किया जाता है।

(4) अपशिष्ट जल के प्रवाह को कम करके छोड़ा जाता है जिससे बालू, ग्रिट और कंकड़-पत्थर बैठ जाते हैं।

**85.** Read the following and choose the **correct** option.

**Assertion (A) :** Science textbooks should include biographies of scientists.

**Reasoning (R) :** Narrating biographies of great scientists inspires students to learn how scientists make discoveries by following a universal scientific method.

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct reasoning for **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct reasoning for **(A)**.

(3) **(A)** is true but **(R)** is false.

(4) Both **(A)** and **(R)** are false.

निम्नलिखित को पढ़िए तथा **सही** विकल्प का चयन कीजिए।

**अभिकथन (A) :** विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में वैज्ञानिकों की जीवनियाँ शामिल होनी चाहिए।

**तर्क (R) :** महान वैज्ञानिकों की जीवनियों का वर्णन करना विद्यार्थियों को यह जानने के लिए प्रेरित करता है कि कैसे सार्वभौमिक वैज्ञानिक विधि का पालन करते हुए वैज्ञानिकों ने अन्वेषण किए।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं तथा **(R)**, **(A)** का सही तर्क है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** का सही तर्क नहीं है।

(3) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

**86.** Which of the following statements is **true** regarding cyclones ?

(1) Warm air rises and low pressure is created.

(2) Cool air rises and low pressure is created.

(3) Warm air rises and high pressure is created.

(4) Cool air rises and high pressure is created.

चक्रवातों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सत्य** है?

(1) गर्म हवा ऊपर उठती है और निम्न दाब बनता है।

(2) ठंडी हवा ऊपर उठती है और निम्न दाब बनता है।

(3) गर्म हवा ऊपर उठती है और उच्च दाब बनता है।

(4) ठंडी हवा ऊपर उठती है और उच्च दाब बनता है।

87. Read the following statements and choose the **correct** option.
Process A - Galvanization to prevent rusting.
Process B - Electroplating of copper.
(1) Process A is a physical change and B is a chemical change.
(2) Process A is a chemical change and B is a physical change.
(3) Both the processes A and B are physical changes.
(4) Both the processes A and B are chemical changes.
निम्नलिखित कथनों को पढ़िए और **सही** विकल्प का चयन कीजिए।
प्रक्रिया A - जंग से रोकथाम के लिए यशदीकरण।
प्रक्रिया B - ताँबे का विद्युत लेपन।
(1) प्रक्रिया A एक भौतिक परिवर्तन है तथा B एक रासायनिक परिवर्तन है।
(2) प्रक्रिया A एक रासायनिक परिवर्तन है तथा B एक भौतिक परिवर्तन है।
(3) प्रक्रिया A और B दोनों ही भौतिक परिवर्तन हैं।
(4) प्रक्रिया A और B दोनों ही रासायनिक परिवर्तन हैं।

88. A ray of light travels from an optically denser medium to an optically rarer medium. What will be the change in the frequency of light ?
(1) Increase (2) Decrease
(3) No Change (4) First increase and then decrease
प्रकाश की एक किरण प्रकाशीय सघन माध्यम से प्रकाशीय विरल माध्यम में यात्रा करती है। प्रकाश की आवृत्ति में क्या परिवर्तन होगा ?
(1) वृद्धि होगी (2) ह्रास होगा/घटेगी
(3) कोई परिवर्तन नहीं (4) प्रथम वृद्धि होगी और फिर ह्रास होगा

89. Choose the **correct** statements from the given set of statements.
(A) Clayey soil contains sand and silt.
(B) Percolation of water is faster in loamy soil than clayey soil.
(C) Sandy soil has a greater proportion of big particles.
(D) Loamy soil contains humus.
(1) (A) and (B) (2) (B) and (C) (3) (C) and (D) (4) (A) and (D)
निम्नलिखित कथनों में से **सही** कथन का चयन कीजिए।
(A) चिकनी मृदा में बालू एवं गाद अंतर्विष्ट होती है।
(B) दुमटी मृदा में जल का अंत:स्रवण चिकनी मिट्टी की तुलना में तीव्रता से होता है।
(C) बलुआ मृदा में बड़े कणों का अनुपात अधिक (बृहत्तर) होता है।
(D) दुमटी मृदा में ह्यूमस (खादमृदा) अंतर्विष्ट होती है।
(1) (A) और (B) (2) (B) और (C) (3) (C) और (D) (4) (A) और (D)

90. Which of the following parts of the solar cooker is responsible for greenhouse effect ?
(1) Mirror (2) Outer cover of the solar cooker
(3) Glass sheet (4) Black coloured coating inside the box
निम्नलिखित में से सोलर कुकर/सौर कुकर का कौन सा भाग हरितघर प्रभाव के लिये उत्तरदायी है ?
(1) दर्पण (2) सौर कुकर का बाहरी आवरण
(3) काँच की शीट (4) डिब्बे के भीतर काले रंग की परत

**IMPORTANT / महत्त्वपूर्ण :**
***Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part - II (Mathematics and Science) OR from Part - III (Social Studies / Social Science).***
***परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग - II ( गणित व विज्ञान ) या भाग - III ( सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान ) से करने हैं।***

## PART - III / भाग - III
## SOCIAL STUDIES / SOCIAL SCIENCE - सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान

***Direction :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*
***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए :*

**31.** The cultural unity and diversity of the present time could be applied to which of the following historical facts related to Hampi ?
(a) Hampi temples were the hub of cultural activities.
(b) Devadasis (temple dancers) performed before the deity, royalty, but NOT before the masses.
(c) The Mahanavami festival, known today as Navaratri in the south, was one of the most important festivals celebrated at Hampi.
(1) (a) and (b) (2) (b) and (c) (3) (a) and (c) (4) (a) only
आज के समय की सांस्कृतिक एकता और विविधता को निम्नलिखित दिए गए, हम्पी से संबंधित ऐतिहासिक तथ्यों में से किसके लिए प्रयुक्त किया जा सकता है ?
(a) हम्पी के मंदिर सांस्कृतिक गतिविधियों के केंद्र होते थे।
(b) देवदासियाँ ( मंदिर नृत्यांगनाएँ) देव प्रतिमा, राजा के समक्ष नृत्य किया करती थी किन्तु प्रजाजनों के सामने नहीं।
(c) महानवमी पर्व, जो आज दक्षिण में नवरात्रि पर्व कहलाता है, उन दिनों हम्पी में एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व माना जाता था।
(1) (a) और (b) (2) (b) और (c) (3) (a) और (c) (4) केवल (a)

**32.** Consider the following **Assertion** and **Reasons** to choose the appropriate option :
**Assertion :** There was a huge demand for Indigo in the European Market in $17^{th}$ and $18^{th}$ Centuries.
**Reason 1 :** By the $17^{th}$ Century, European cloth producers persuaded their governments to relax the ban on indigo import.
**Reason 2 :** By the end of the $17^{th}$ Century Britain began to industrialise.
(1) **Assertion** and **Reason 1** are correct.
(2) **Assertion** and **Reason 2** are correct.
(3) **Assertion** and both the **Reasons** are correct.
(4) **Assertion** is wrong, **Reasons** on their own are right.
उपयुक्त विकल्प चुनने के लिए निम्नलिखित **अभिकथन** और **कारणों** पर विचार कीजिए :
**अभिकथन :** 17वीं और 18वीं शताब्दियों में यूरोपीय बाजार में नील की माँग उच्च थी।
**कारण 1 :** 17वीं सदी तक, यूरोपीय कपड़ा उत्पादकों ने नील के आयात पर लगी पाबंदी में ढील देने के लिए अपनी सरकारों को राजी कर लिया।
**कारण 2 :** 17वीं सदी के अंत तक ब्रिटेन में औद्योगिकीकरण शुरू हो गया।
(1) **अभिकथन** और **कारण 1** सही है।
(2) **अभिकथन** और **कारण 2** सही है।
(3) **अभिकथन** और दोनों **कारण** सही हैं।
(4) **अभिकथन** गलत है, **कारण** अपने आप में सही हैं।

33. Water scarcity is caused by the following given factors :

(a) Water Harvesting (b) Variation in Rainfall

(c) Contamination of water (d) Over exploitation

निम्नलिखित कारकों द्वारा जल का अभाव होता है :

(a) जल संग्रहण (b) वर्षा में विविधता

(c) जल का संदूषण (d) अति उपयोग

**Choices / विकल्प :**

(1) (b), (c), (d) (2) (a), (b), (d) (3) (a), (b), (c) (4) (a), (c), (d)

34. Tamil Epic Manimekalai was composed by :

(1) Ilango (2) Sattanar (3) Kalidas (4) Madhavi

तमिल महाकाव्य मणिमेकलै की रचना किसने की थी ?

(1) इलांगो (2) सत्तानार (3) कालिदास (4) माधवी

35. What will be the time at 90° East when it is 12.00 noon at Greenwich Meridian ?

(1) 7 PM (2) 6 AM (3) 6 PM (4) 9 PM

जब ग्रीनविच याम्योत्तर पर दोपहर के 12:00 बजे हो तब 90° पूर्व में क्या समय होगा ?

(1) शाम के 7:00 बजे (2) सुबह के 6:00 बजे (3) शाम के 6:00 बजे (4) रात के 9:00 बजे

36. Match the following pairs :

| | **Crop** | | **Climate** |
|---|---|---|---|
| (a) | Coffee | (i) | high temperature, heavy rainfall |
| (b) | Jute | (ii) | cool climate |
| (c) | Tea | (iii) | moderate temperature and rainfall |
| (d) | Wheat | (iv) | warm and wet climate |

**Choices :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

निम्नलिखित युगलों का मिलान कीजिए :

| | **फसल** | | **जलवायु** |
|---|---|---|---|
| (a) | कॉफी | (i) | उच्च तापमान, भारी वर्षा |
| (b) | पटसन | (ii) | ठंडी जलवायु |
| (c) | चाय | (iii) | मध्यम तापमान एवं वर्षा |
| (d) | गेहूँ | (iv) | गर्म एवं आर्द्र जलवायु |

**विकल्प :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (2) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

37. 'The farmer in USA works like a businessman'. Justify the statement. Choose the **correct** reasons :

(a) Use of Tractors, harvesters (b) Farm size is small

(c) Automated Grain storage (d) Use of chemical fertilizers

'संयुक्त राज्य अमेरिका में किसान एक व्यवसायी की तरह काम करता है'। कथन को उचित सिद्ध कीजिए। **सही** कारणों का चयन कीजिए :

(a) ट्रेक्टरों, हार्वेस्टर का उपयोग (b) फार्म का छोटा आकार

(c) स्वचालित अन्न भंडार (d) रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग

**Choices / विकल्प :**

(1) (a), (b), (c) (2) (b), (c), (d) (3) (a), (b), (d) (4) (a), (c), (d)

38. 'Rampurva Bull', a finely polished stone sculpture of Mauryan period has been found from :

(1) Madhya Pradesh (2) Uttar Pradesh

(3) Bihar (4) Jharkhand

मौर्य काल की 'रामपुरवा बैल' की बारीक पॉलिश की गई पत्थर की मूर्ति कहाँ मिली ?

(1) मध्य प्रदेश में (2) उत्तर प्रदेश में

(3) बिहार में (4) झारखंड में

39. Which one of the following is NOT a permanent wind ? Choose the **correct** answer :

(1) Trade Winds (2) Monsoons (3) Westerlies (4) Easterlies

निम्नलिखित में से कौन एक स्थायी पवन **नहीं** है ? **सही** उत्तर चुनें :

(1) व्यापारिक पवनें (2) मानसूनी पवनें (3) पश्चिमी पवनें (4) पूर्वी पवनें

40. Analyze the following historical claims with reference to the relation between Tribes, Nomads and settled communities. Choose the appropriate option.

(a) Varna based society did not interact with the tribal people at all. The rigidity was due to caste system.

(b) There were tribes that rejected both the caste system and orthodox Hinduism.

(c) Some tribes established extensive states with well organised systems of administration.

(d) Political power brought them in conflict with larger Kingdoms.

(1) (a), (b) and (c) are valid. (2) (b), (c) and (d) are valid.

(3) (c), (d) and (a) are valid. (4) (d), (a) and (b) are valid.

निम्नलिखित ऐतिहासिक दावों का जनजातियों, खानाबदोशों और एक जगह बसे हुए समुदायों के संदर्भ में विश्लेषण कीजिए। उपयुक्त विकल्प चुनिये।

(a) वर्ण–आधारित समाज का जनजातीय लोगों से कोई संपर्क नहीं था। यह सख्ती जाति प्रथा के कारण थी।

(b) ऐसी जनजातियाँ थी जिन्होंने जाति व्यवस्था और सनातनी हिंदू धर्म दोनों को नकार दिया।

(c) कुछ जनजातियों ने सुसंगठित प्रशासनिक व्यवस्था वाले विस्तृत राज्यों की स्थापना की।

(d) राजनीतिक ताकत ने उन्हें बृहत्तर राज्यों के साथ संघर्ष की स्थिति में ला खड़ा किया।

(1) (a), (b) और (c) वैध हैं। (2) (b), (c) और (d) वैध हैं।

(3) (c), (d) और (a) वैध हैं। (4) (d), (a) और (b) वैध हैं।

41. In reference to Panchayati Raj, which of the following sequence is in **correct** hierarchical order ?

(1) Panchayat Samiti - Gram Panchayat - Gram Sabha - Zila Parishad

(2) Gram Sabha - Panchayat Samiti - Gram Panchayat - Zila Parishad

(3) Gram Panchayat - Panchayat Samiti - Gram Sabha - Zila Parishad

(4) Gram Sabha - Gram Panchayat - Panchayat Samiti - Zila Parishad

पंचायती राज के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन सा क्रम **सही** सोपानिक क्रम है ?

(1) पंचायत समिति - ग्राम पंचायत - ग्राम सभा - ज़िला परिषद्

(2) ग्राम सभा - पंचायत समिति - ग्राम पंचायत - ज़िला परिषद्

(3) ग्राम पंचायत - पंचायत समिति - ग्राम सभा - ज़िला परिषद्

(4) ग्राम सभा - ग्राम पंचायत - पंचायत समिति - ज़िला परिषद्

42. Celestial bodies in our solar system having their own heat and light are :

(1) Planets (2) Satellites (3) Meteoroids (4) Stars

हमारे सौरमंडल में वह खगोलीय पिंड जिनके पास अपनी ऊष्मा तथा प्रकाश होता है :

(1) ग्रह (2) उपग्रह (3) उल्कापिंड (4) तारा

43. "The progress of any nation is dependent upon the unity of different social and political groups. Political parties should be mindful of this unity during the competitive electoral politics." Which of the following major development/s within the national movement attest the above mentioned assertion ?

(a) During the Rowlatt Satyagraha, the participants tried to ensure that Hindus and Muslims were united in the fight against British rule.

(b) From the late 1930s, the League began viewing the Muslims as a separate "nation" from the Hindus.

(c) The Congress's rejection of the League's desire to form a joint Congress - League government in the United Provinces in 1937.

(1) (a) and (b) (2) (b) and (c) (3) (c) and (a) (4) (c) only

किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक समूहों की एकता पर निर्भर होती है। राजनीतिक पार्टियों को प्रतिस्पर्धी चुनावी राजनीति में इस एकता को संज्ञान में लेना चाहिए। निम्नलिखित में से राष्ट्रीय आंदोलन में कौन सी बृहत् प्रगति उपरोक्त अभिकथन पर मुहर लगाती है ?

(a) रॉलेट सत्याग्रह के दौरान, प्रतिभागियों ने यह सुनिश्चित करने का प्रयत्न किया कि ब्रिटिश साम्राज्य (शासन) के विरुद्ध हिन्दू और मुस्लिम एकजुट/संगठित हों।

(b) 1930 के दशक के आखिरी सालों से लीग मुसलमानों और हिंदुओं को अलग-अलग राष्ट्र मानने लगी थी।

(c) 1937 में मुस्लिम लीग संयुक्त प्रांत में काँग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनाना चाहती थी जिसे काँग्रेस ने स्वीकार नहीं किया।

(1) (a) और (b) (2) (b) और (c) (3) (c) और (a) (4) केवल (c)

44. Which means of communication has the **most** important role in making world a large global society ?

(1) Mass Media (2) Messages through Pigeons

(3) Satellite communication (4) Postal services

विश्व को एक बृहद् विश्व समाज बनाने में संचार के किस माध्यम की **अति** महत्त्वपूर्ण भूमिका है ?

(1) जनसंपर्क माध्यम (2) कबूतरों के माध्यम से संदेश

(3) सेटेलाइट से संचार (4) डाक सेवा

45. The Satnami movement in Central India was founded by :

(1) Haridas Thakur (2) Shri Narayan Guru

(3) Ghasidas (4) Jyotirao Phule

मध्य भारत में सतनामी आंदोलन की स्थापना की गई थी :

(1) हरिदास ठाकुर द्वारा (2) श्री नारायण गुरु द्वारा

(3) घासीदास द्वारा (4) ज्योतिराव फुले द्वारा

46. Biotic and Abiotic conditions existing on the earth form : (Choose the appropriate category) :

(1) Natural Environment (2) Environment Management

(3) Human Made Environment (4) Human Environment

पृथ्वी पर पाई जाने वाली जीवीय एवं अजीवीय परिस्थितियाँ बनाती हैं : (उपयुक्त वर्ग का चयन कीजिए) :

(1) प्राकृतिक पर्यावरण (2) पर्यावरण प्रबंधन

(3) मानव निर्मित पर्यावरण (4) मानव पर्यावरण

47. Which of the following is **not** an example of discrimination ?

(1) Preventing a group of people from taking water from a common well

(2) Not allowing a group of people to drink tea in same cups as others

(3) Stopping someone from living in certain nighbourhood

(4) Asking a boy not to cry as boys don't cry

निम्नलिखित में से कौन विभेदीकरण का एक उदाहरण **नहीं** है ?

(1) एक सार्वजनिक कुएँ से जल लेने के लिये लोगों के एक समूह को रोकना

(2) लोगों के एक समूह को, अन्य की भाँति, उन्हीं प्यालों में चाय पीने की अनुमति ना देना

(3) किसी को एक खास स्थान/पास पड़ोस में रहने से रोकना

(4) एक लड़के को रोने से मना करना क्योंकि लड़के रोते नहीं हैं

48. **Assertion :** 'The process of India becoming a nation was a long drawn one. Emergence of political consciousness and the resulting political associations take time. India did not one day wake up to independence in 1947'. Choose the appropriate evidence as reason.

(a) The consciousness of British control over the resources of India began to be clearly stated by political association formed after 1850.

(b) The political associations worked with the idea that the people should be sovereign.

(c) Poona Sarvajanik Sabha, Madras Mahajan Sabha functioned in specific parts of the country and catered to the specific region, community and class.

(d) The Ilbert Bill controversy deepened the desire for an all India organisation of educated Indians.

(1) (a) and (b) only
(2) (c) and (d) only
(3) (a), (b) and (c) only
(4) (a), (b) and (d) only

**अभिकथन :** भारत के एक राष्ट्र बनने की प्रक्रिया एक लंबी प्रक्रिया थी। राजनीतिक चेतना का उदय और परिणामी राजनीतिक संगठनों में समय लगा। भारत अचानक से एक दिन में ही 1947 में स्वतंत्र नहीं हो गया। उपयुक्त प्रमाण/कारण का चयन कीजिए।

(a) भारत के संसाधनों के ऊपर अँग्रेजों के नियंत्रण के विषय में चेतना 1850 के बाद राजनीतिक संगठनों में साफ दिखाई देने लगी थी।

(b) राजनीतिक संगठन इस सोच के साथ काम कर रहे थे कि लोग सम्प्रभु हों।

(c) पूना सार्वजनिक सभा, मद्रास महाजन सभा ने देश के विशेष (खास) भागों में काम किया और एक खास इलाके, समुदाय और वर्ग के लिये काम किया।

(d) इल्बर्ट विधेयक ने पढ़े-लिखे भारतीयों के एक अखिल भारतीय संगठन की चाह को और गहरा कर दिया था।

(1) केवल (a) और (b)
(2) केवल (c) और (d)
(3) केवल (a), (b) और (c)
(4) केवल (a), (b) और (d)

49. Sufficient Rainfall on the earth surface is very important for following reasons :

(a) Survival of plants and animals.

(b) Brings fresh water to the Earth's surface.

(c) It brings droughts.

(d) Most of the ground water comes from rainfall.

**Choices :**

(1) (a), (b), (d) are correct.
(2) (a), (b), (c) are correct.
(3) (b), (c), (d) are correct.
(4) (a), (c), (d) are correct.

निम्नलिखित कारणों से पृथ्वी के धरातल पर पर्याप्त वर्षा बहुत महत्त्वपूर्ण है :

(a) पौधों तथा जीव-जंतुओं के जीवित रहने के लिए।

(b) यह पृथ्वी के धरातल पर ताजा जल लाती है।

(c) यह सूखा लाती है।

(d) अधिकतर भौम जल, वर्षा से ही प्राप्त होता है।

**विकल्प :**

(1) (a), (b), (d) सही हैं।
(2) (a), (b), (c) सही हैं।
(3) (b), (c), (d) सही हैं।
(4) (a), (c), (d) सही हैं।

50. Which of the following places in India is known as 'Little Tibet' ?

(1) Bodhgaya (2) Ladakh

(3) Arunachal Pradesh (4) Dharmshala

भारत में निम्नलिखित में से किस स्थान को 'छोटा तिब्बत' कहा जाता है ?

(1) बोधगया (2) लद्दाख

(3) अरुणाचल प्रदेश (4) धर्मशाला

51. In the following, how many have been matched **incorrectly** ?

(a) Kol rebellion - 1831-32

(b) Santhal revolt - 1855

(c) Bastar rebellion - 1920

(d) Warli revolt - 1939

(1) Only one of the above (2) Only two of the above

(3) Only three of the above (4) None of the above

निम्नलिखित में से कितने **गलत** मिलान हैं ?

(a) कोल विद्रोह - 1831-32

(b) संथाल विद्रोह - 1855

(c) बस्तर विद्रोह - 1920

(d) वारली विद्रोह - 1939

(1) केवल एक गलत (2) केवल दो गलत

(3) केवल तीन गलत (4) उपरोक्त कोई नहीं

52. Why is the globe considered as true model of the Earth ? Choose the **most appropriate** statement :

(1) It is fixed.

(2) Countries, continents and oceans are shown in correct size.

(3) It is spherical in shape.

(4) It is ball like.

ग्लोब को पृथ्वी का वास्तविक प्रतिरूप क्यों माना जाता है ? **सर्वाधिक उपयुक्त** कथन का चयन कीजिए :

(1) यह स्थिर है।

(2) देशों, महाद्वीपों तथा महासागरों को उनके सही आकार में दिखाया जाता है।

(3) यह गोलाकार आकृति का होता है।

(4) यह गेंद की तरह है।

53. In the context of Masulipatnam, which had contacts with distant lands for trade, choose the appropriate options :

(a) In the 17th Century, both the Dutch and English East India Companies attempted to control Masulipatnam as it became the most important port on the Andhra Coast.

(b) Dutch were people from distant lands of Denmark and Spain.

(c) The competition between trading groups such as the Golconda nobler, Persian merchants, Telugu Komati Chettis and European traders made the city prosperous.

(d) Mir Jumla, the Mughal governor began to play off the Dutch and the English against each other.

(1) (a), (b) only (2) (c), (d) only

(3) (a), (b), (c) only (4) (c), (d), (a) only

मसूलीपट्टनम के संदर्भ में, जिसका व्यापार के लिए दूरस्थ स्थानों से संपर्क था, उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए :

(a) सत्रहवीं शताब्दी में हॉलैंड और इंग्लैंड दोनों देशों की ईस्ट इंडिया कंपनी ने मसूलीपट्टनम पर नियंत्रण प्राप्त करने का प्रयत्न किया, क्योंकि तब तक वह आंध्र तट का सबसे महत्वपूर्ण पत्तन बन गया था।

(b) हॉलैंडवासी (डच), डेनमार्क और स्पेन के दूरस्थ स्थानों के लोग थे।

(c) विभिन्न व्यापारी समूहों जैसे गोलकोंडा के कुलीन वर्गों, फ़ारसी सौदागरों, तेलुगु कोमटी चेट्टियार और यूरोपीय व्यापारियों की प्रतिस्पर्धा ने नगर को समृद्धिशाली बना दिया।

(d) मीर जुमला और मुगल सूबेदार ने हॉलैंडवासियों और अंग्रेजों को आपस में भिड़ाना शुरू कर दिया।

(1) केवल (a), (b) (2) केवल (c), (d)

(3) केवल (a), (b), (c) (4) केवल (c), (d), (a)

54. In which year did James Mill publish his three volumes book titled "A History of British India" ?

जेम्स मिल ने अपनी तीन खंडों वाली पुस्तक "ए हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश इंडिया" किस वर्ष प्रकाशित की थी ?

(1) 1815 (2) 1816 (3) 1817 (4) 1818

55. **(A) :** Lithosphere is the solid crust or the hard top layer of the earth.

**(R) :** It is made up of rocks and minerals and covered by a thin layer of soil.

Choose the **correct** option of the following :

(1) Both **(A)** and **(R)** are correct and **(R)** explains **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are correct but **(R)** does not explain **(A)**.

(3) **(A)** is true but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false but **(R)** is true.

**(A) :** पृथ्वी की ठोस पर्पटी या कठोर ऊपरी परत को स्थलमंडल कहते हैं।

**(R) :** यह चट्टानों एवं खनिजों से बना होता है एवं मिट्टी की पतली परत से ढ़का होता है।

निम्नलिखित में से **सही** उत्तर को चुनें :

(1) दोनों **(A)** तथा **(R)** सही हैं एवं **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या करता है।

(2) दोनों **(A)** एवं **(R)** सही हैं तथा **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** सही है किन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है किन्तु **(R)** सही है।

**56.** Consider the following statements of Bengal temple - building and choose the appropriate option :

(a) Temples were built to demonstrate piety.

(b) Temples were built to demonstrate power.

(c) Temples began to copy the double-roofed structure of the thatched huts.

(d) Temples began to copy the four-roofed structure of the thatched huts.

(1) Only (a), (b) and (c) are appropriate.

(2) Only (b), (c) and (d) are appropriate.

(3) Only (c), (d) and (a) are appropriate.

(4) All (a), (b), (c) and (d) are appropriate.

बंगाल मंदिर निर्माण के निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और उपयुक्त विकल्प चुनिये :

(a) मंदिर भक्ति प्रदर्शित करने के लिये निर्मित किए जाते थे।

(b) मंदिर शक्ति प्रदर्शित करने के लिये निर्मित किए जाते थे।

(c) मंदिरों ने दो मंजिली छप्पर की झोंपड़ियों की संरचना की प्रतिकृति करना आरंभ कर दिया।

(d) मंदिरों ने चार छत वाली छप्पर की झोंपड़ियों की संरचना की प्रतिकृति करना आरंभ कर दिया।

(1) केवल (a), (b) और (c) उपयुक्त हैं।

(2) केवल (b), (c) और (d) उपयुक्त हैं।

(3) केवल (c), (d) और (a) उपयुक्त हैं।

(4) सभी (a), (b), (c) और (d) उपयुक्त हैं।

**57.** How much longitudinal extent does one Time Zone of Earth of one Hour each cover ?

एक-एक घंटे वाला पृथ्वी का एक समय-क्षेत्र कितना देशांतरीय विस्तार घेरता है ?

(1) 45° (2) 30° (3) 15° (4) 60°

**58.** A river makes waterfalls while flowing in the mountains. Select the two main reasons for the waterfalls :

(a) River moves in between trees.

(b) River flows over very hard rocks.

(c) River moves over soft rocks.

(d) River flows down a steep valley.

**Choices :**

(1) (a) and (c) are correct. (2) (b) and (d) are correct.

(3) (a) and (d) are correct. (4) (b) and (c) are correct.

पर्वतों (पहाड़ों) में बहते समय नदी जलप्रपात बनाती है। जलप्रपात के लिए दो मुख्य कारणों का चुनाव कीजिए :

(a) नदी पेड़ों के मध्य से गुजरती है।

(b) नदी अत्यधिक कठोर शैलों के ऊपर बहती है।

(c) नदी नर्म शैलों के ऊपर से गुजरती है।

(d) नदी खड़ी ढाल वाली घाटी में गिरती है।

**विकल्प :**

(1) (a) और (c) सही हैं। (2) (b) और (d) सही हैं।

(3) (a) और (d) सही हैं। (4) (b) और (c) सही हैं।

**59.** The first cotton mill in India was set up as a spinning mill in Bombay in the year :

भारत में पहली कपास मिल (स्पिनिंग मील) बॉम्बे में किस वर्ष स्थापित हुई थी ?

(1) 1852 (2) 1853 (3) 1854 (4) 1855

**60.** Dispel the misconceptions to arrive at appropriate conclusions with regard to changes in the colonial agrarian policies.

(a) As Diwan, the Company became the chief administrator of the territory under its control.

(b) After 1765 Company had to think of administering the land and organising its revenue resources.

(c) Before 1765, the Company purchased goods in India by importing huge quantities of grain from Britain.

(d) After 1765, the revenue collected in Bengal could finance the purchase of goods for export.

(1) (a), (b) only (2) (b), (c) only (3) (a), (d) only (4) (b), (d) only

औपनिवेशिक कृषि संबंधी नीतियों में परिवर्तनों के संबंध में उपयुक्त निष्कर्षों पर पहुँचने के लिए भ्रान्तियों को दूर कीजिए।

(a) दीवान के रूप में, कंपनी अपने नियंत्रण के क्षेत्र की मुख्य प्रशासक बन गई।

(b) 1765 के पश्चात् कंपनी को भूमि की व्यवस्था और उसके राजस्व के संसाधनों की व्यवस्था करने के विषय में सोचना पड़ा।

(c) 1765 से पूर्व, कंपनी ने ब्रिटेन से विशाल मात्रा में अनाज का आयात करके भारत में वस्तुएँ खरीदीं।

(d) 1765 के बाद, बंगाल में इकट्ठा किये गये राजस्व से निर्यात के लिए खरीदी वस्तुओं/माल वित्तीय प्रबंध किया जा सका।

(1) केवल (a), (b) (2) केवल (b), (c) (3) केवल (a), (d) (4) केवल (b), (d)

61. Which of the following are institutional sources of debts in rural India ?

(a) Moneylenders
(b) Cooperatives
(c) Government Banks
(d) Landlords

**Options :**

(1) Only (a) and (c)
(2) Only (b) and (c)
(3) Only (a) and (d)
(4) Only (a), (b) and (d)

ग्रामीण भारत में ऋण के संस्थागत स्रोत निम्नलिखित में से कौन से हैं ?

(a) साहूकार
(b) सहकारी संस्थाएँ
(c) सरकारी बैंक
(d) ज़मींदार

**विकल्प :**

(1) केवल (a) और (c)
(2) केवल (b) और (c)
(3) केवल (a) और (d)
(4) केवल (a), (b) और (d)

62. Which of the following are examples of intervention in religion by state as laid out in the Indian Constitution ?

(a) Abolition of untouchability
(b) Prohibition of child labour
(c) Ban on child marriage
(d) Laying out Vishakha guidelines

**Options :**

(1) Only (a) and (b)
(2) Only (b) and (c)
(3) Only (a) and (c)
(4) Only (b) and (d)

निम्नलिखित में से क्या राज्य द्वारा धर्म में हस्तक्षेप है जैसा कि भारतीय संविधान में लिखा गया है ?

(a) अस्पृश्यता का उन्मूलन
(b) बाल मज़दूरी पर प्रतिषेध
(c) बाल विवाह पर प्रतिबंध
(d) विशाखा मार्गदर्शिका को तैयार करना

**विकल्प :**

(1) केवल (a) और (b)
(2) केवल (b) और (c)
(3) केवल (a) और (c)
(4) केवल (b) और (d)

63. Below are two statements, read them carefully and choose the **correct** answer with the help of given options :

**Statement I :** Fieldwork, project work and group activities should form the basis of teaching-learning in Social Sciences.

**Statement II :** Projects having direct link with the local community may be encouraged to develop curiosity in Social Sciences teaching-learning.

(1) Both the **Statement I** and **Statement II** are true.

(2) Both the **Statement I** and **Statement II** are false.

(3) **Statement I** is true but **Statement II** is false.

(4) **Statement I** is false but **Statement II** is true.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़ें और दिए हुए विकल्पों की सहायता से **सही** उत्तर का चयन करें :

**कथन I :** सामाजिक विज्ञान के अध्ययन-अध्यापन का मुख्य आधार क्षेत्रकार्य, प्रोजेक्ट कार्य और समूह गतिविधियाँ होनी चाहिए।

**कथन II :** सामाजिक विज्ञान के अध्ययन-अध्यापन को रूचिकर बनाने के लिए स्थानीय समुदाय से सीधे जुड़ी परियोजना को प्रेरित करना चाहिए/होगा।

(1) **कथन** I और **कथन** II दोनों सही हैं।

(2) **कथन** I और **कथन** II दोनों गलत हैं।

(3) **कथन** I सही है परन्तु **कथन** II गलत है।

(4) **कथन** I गलत है परन्तु **कथन** II सही है।

64. Read the following statements and choose the **correct** option :

**Statement (A) :** The work done by the public works department of the government do not need the approval of the members of the legislative assembly.

**Statement (B) :** People elect the members of the legislative assembly as their representatives.

**Options :**

(1) **(A)** is true, **(B)** is false.

(2) **(A)** is false, **(B)** is true.

(3) Both **(A)** and **(B)** are true and **(B)** is the reason for **(A)**.

(4) Both **(A)** and **(B)** are true, but **(B)** is not the reason for **(A)**.

निम्नलिखित कथनों को पढ़िये और **सही** विकल्प चुनिये :

**कथन (A) :** सरकार के लोक निर्माण विभाग द्वारा किए गए कार्य के लिए विधान सभा के सदस्यों की स्वीकृति आवश्यक नहीं है।

**कथन (B) :** लोग विधान सभा के सदस्यों को अपने प्रतिनिधियों के रूप में चुनते हैं।

**विकल्प :**

(1) **(A)** सत्य है, **(B)** असत्य है।

(2) **(A)** असत्य है, **(B)** सत्य है।

(3) **(A)** और **(B)** दोनों सत्य हैं और **(A)** का **(B)** कारण है।

(4) **(A)** और **(B)** दोनों सत्य हैं लेकिन **(A)** का कारण **(B)** नहीं है।

65. As a teacher of Social Science, which of the following will you be careful about while discussing issues like gender discrimination and caste discrimination ?

(a) Encouraging speaking up in the class.

(b) Making students learn to listen to the others.

(c) Non-acceptance of conflicts in the classroom.

(d) Developing an atmosphere of trust in the classroom.

सामाजिक विज्ञान के एक शिक्षक/शिक्षिका के रूप में, लैंगिक भेदभाव और जातिगत भेदभाव जैसे मुद्दों पर चर्चा करते समय आप निम्नलिखित में से किसका ध्यान रखेंगे ?

(a) कक्षा में बोलने के लिए प्रोत्साहित करना।

(b) विद्यार्थियों को दूसरों की बात सुनना सिखाना।

(c) कक्षा में संघर्षों की गैर-स्वीकृति।

(d) कक्षा में विश्वास का वातावरण विकसित करना।

(1) (a), (b), (c) (2) (b), (c), (d) (3) (a), (c), (d) (4) (a), (b), (d)

66. Below are two statements, read them carefully and choose the **correct** answer with the help of given options :

**Statement I :** In school, summative assessment has more visibility.

**Statement II :** Summative assessment checks the learning outcomes at the end of a grade or unit or a term.

(1) Both the **Statement I** and **Statement II** are true.

(2) Both the **Statement I** and **Statement II** are false.

(3) **Statement I** is true but **Statement II** is false.

(4) **Statement I** is false but **Statement II** is true.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़ें और दिए हुए विकल्पों की सहायता से **सही** उत्तर का चयन करें :

**कथन I :** स्कूल में योगात्मक आँकलन में ज्यादा प्रत्यक्षता होती है।

**कथन II :** योगात्मक आंकलन एक ग्रेड या इकाई या सत्र के अन्त में अधिगम के परिणामों की जाँच करता है।

(1) **कथन** I और **कथन** II दोनों सही हैं।

(2) **कथन** I और **कथन** II दोनों गलत हैं।

(3) **कथन** I सही है परन्तु **कथन** II गलत है।

(4) **कथन** I गलत है परन्तु **कथन** II सही है।

**67.** Consider the following in-text question "Fill in the blank" given in the chapter on urban administration :

In a Municipal Corporation, the elected members are called __________.

Which of the following abilities/skills is being tested here ?

(1) Summarizing (2) Classification

(3) Explanation (4) Remembering

शहरी प्रशासन पर दिए गए पाठ में निम्नलिखित विषय अंतर्निहित प्रश्न 'रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए' पर विचार कीजिए :

किसी नगर निगम में निर्वाचित सदस्यों को __________ कहते हैं।

यहाँ पर निम्नलिखित में से कौन सी योग्यताओं/कौशलों का परीक्षण हो रहा है ?

(1) सारांश करना (2) वर्गीकरण करना

(3) समझाना/व्याख्या करना (4) स्मरण रखना

**68.** 'Boys are into sports whereas girls are into arts and crafts'. What does this statement reflect ?

(1) Tradition (2) Prejudices

(3) Stereotypes (4) Difference

लड़के खेल खेलते हैं जबकि लड़कियाँ कला एवं कारीगरी अपनाती हैं। यह कथन क्या विचार प्रकट करता है ?

(1) परंपरा (2) अवधारणाएँ/पूर्वाग्रह

(3) रूढ़िबद्धताएँ (4) अंतर

**69.** An important element in the Social Science classroom is the acknowledgement of India's diversity. Which of the following traits should you develop as a Social Science teacher and also consciously inculcate in students so that this diversity is truly appreciated ?

(a) Reciting slogans about unity

(b) Being sensitive and respectful while talking about cultures which are different from one's own

(c) Constantly reflecting on one's prejudices which might arise from one's social location in society

Choose the **most appropriate** option :

(1) Only (a) (2) Only (a) and (b)

(3) Only (a) and (c) (4) Only (b) and (c)

सामाजिक विज्ञान की कक्षा में एक महत्वपूर्ण तत्व भारत की विविधता को स्वीकार करना है। सामाजिक विज्ञान के एक शिक्षक के रूप में निम्नलिखित में से कौन से लक्षण आपको विकसित करने चाहिए और उन्हें विद्यार्थियों में शुद्ध अंत:करण से आत्मसात् करना चाहिए जिससे कि विविधता का सही मायनों में महत्व हो सके ?

(a) एकता के विषय में नारे लगाना

(b) अपने से भिन्न संस्कृतियों के विषय में बात करते हुए संवेदनशील और सम्माननीय रहना

(c) किसी की अवधारणाओं पर निरन्तर विचार करना जो समाज में किसी की सामाजिक अवस्थिति से उत्पन्न हो सकती हैं

**सर्वाधिक उपयुक्त** विकल्प चुनिए :

(1) केवल (a) (2) केवल (a) और (b)

(3) केवल (a) और (c) (4) केवल (b) और (c)

70. Which of the following purpose Indian Constitution does **not** serve to ?

(1) Delineate the ideals a country should uphold

(2) Keep itself static so that the structures in the society remain unchanged

(3) Coordination among different communities to live together

(4) Give rights to the citizens against individuals and communities

निम्नलिखित में से कौन से उद्देश्य का भारतीय संविधान निर्वाह **नहीं** करता है?

(1) उन आदर्शों का निरूपण जिनका किसी देश को पालन करना है

(2) अपने आप को स्थैतिक रखना जिससे समाज की संरचनाएँ अपरिवर्तित रह सकें

(3) विभिन्न समुदायों में साथ रहने के लिये सामंजस्य बैठाना

(4) व्यक्तियों एवं समुदायों के विरुद्ध नागरिकों को अधिकार देना

71. Below are two statements, read them carefully and choose the **correct** answer with the help of given options :

**Statement I :** Assessment is made continuously in educational settings.

**Statement II :** Assessment is a process that involves doing a number of things at different times.

(1) Both the **Statement I** and **Statement II** are true.

(2) Both the **Statement I** and **Statement II** are false.

(3) **Statement I** is true but **Statement II** is false.

(4) **Statement I** is false but **Statement II** is true.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़ें और दिए हुए विकल्पों की सहायता से **सही** उत्तर का चयन करें :

**कथन I :** शैक्षिक संरचना में आँकलन सतत किया जाता है।

**कथन II :** आँकलन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें अलग-अलग समय पर कई चीजें की जाती है।

(1) **कथन I** और **कथन II** दोनों सही हैं।

(2) **कथन I** और **कथन II** दोनों गलत हैं।

(3) **कथन I** सही है परन्तु **कथन II** गलत है।

(4) **कथन I** गलत है परन्तु **कथन II** सही है।

**72.** Below are two statements, one of them is **Assertion (A)** and the other is **Reason (R)**. Read them carefully and choose the **correct** answer with the help of given options.

**Assertion (A) :** Like other subjects, in Social Science also learners need to be actively engaged in order to construct their own knowledge.

**Reason (R) :** Active engagement refers to engagement of body and mind.

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false but **(R)** is true.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें एक **अभिकथन (A)** और दूसरा **तर्क (R)** है। इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़ें और दिए हुए विकल्पों की सहायता से **सही** उत्तर का चयन करें।

**अभिकथन (A) :** बाकि विषयों की तरह ही सामाजिक विज्ञान में भी ज्ञान का सृजन करने के लिए बच्चों का सक्रिय जुड़ाव होना चाहिए।

**तर्क (R) :** सक्रिय जुड़ाव का अर्थ शरीर एवं दिमाग का गतिविधियों के साथ जुड़ाव है।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या करता है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।

**73.** Below are two statements. Read them carefully and choose the **correct** answer with the help of given options :

**Statement I :** Political Science suggests dynamism that engages with processes that produces structures of domination and their contestations by social forces.

**Statement II :** Political Science imagines civil society as the sphere where more informed, receptive and responsible citizens could be produced.

(1) Both **Statement I** and **Statement II** are true.

(2) Both **Statement I** and **Statement II** are false.

(3) **Statement I** is true but **Statement II** is false.

(4) **Statement I** is false but **Statement II** is true.

नीचे दो कथन दिए गए हैं। इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़ें और दिए हुए विकल्पों की सहायता से **सही** उत्तर का चयन करें।

**कथन I :** राजनीति शास्त्र परिवर्तन का परिचायक है जिसमें सत्ता की प्रभुतासंपन्न संरचनाएँ और सामाजिक बलों द्वारा उनके विरोध की प्रक्रियाएँ शामिल हैं।

**कथन II :** राजनीति शास्त्र एक ऐसे सभ्य समाज की कल्पना करता है जो अधिक संवेदनशील, अवगत और उत्तरदायी नागरिकों का निर्माण कर सके।

(1) **कथन I** और **कथन II** दोनों सही हैं।

(2) **कथन I** और **कथन II** दोनों गलत हैं।

(3) **कथन I** सही है परंतु **कथन II** गलत है।

(4) **कथन I** गलत है परंतु **कथन II** सही है।

**74.** If you want to introduce your students about the difference between the Buddha statues made in Mathura (Mathura style) and Takshashila (Gandhara style), the **most appropriate** method would be :

(1) Discussion based on the picture given in the textbook

(2) Taking a trip to the National Museum

(3) Showing a PowerPoint Presentation based on above mentioned styles

(4) Interview with an Architect

आप अपनी कक्षा में मथुरा (मथुरा शैली) और तक्षशिला (गांधार शैली) में बनी बुद्ध की प्रतिमाओं में अंतर के बारे में बच्चों को अवगत करवाना चाहते हैं, इसके लिए **सबसे उपयुक्त** विधि होगी :

(1) पाठ्यपुस्तक में दी गई तस्वीर पर आधारित चर्चा

(2) राष्ट्रीय संग्रहालय की यात्रा करवाना

(3) उपर्युक्त शैलियों पर आधारित पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन की प्रस्तुति

(4) एक वास्तुकार के साथ साक्षात्कार

**75.** Which of the following provisions does **not** promote social justice ?

(1) Special schemes for girls in government schools

(2) Special police stations

(3) Equal pay for equal work

(4) Prohibition on human trafficking

निम्नलिखित में से कौन से प्रबंध सामाजिक न्याय को प्रोन्नत **नहीं** करते ?

(1) सरकारी विद्यालयों में लड़कियों के लिए विशेष योजनाएँ

(2) विशेष पुलिस थाने

(3) समान कार्य के लिए समान वेतन

(4) मानव तस्करी पर प्रतिबंध

**76.** Below are two statements, one of them is **Assertion (A)** and the other is **Reason (R)**. Read them carefully and choose the **correct** answer with the help of given options.

**Assertion (A) :** In India, studying Social Science is associated more with girls than boys.

**Reason (R) :** This type of approach to Social Sciences is indicative of a 'patriarchal and gender biased' society.

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false but **(R)** is true.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें एक **अभिकथन (A)** और दूसरा **तर्क (R)** है। इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़ें और दिए हुए विकल्पों की सहायता से **सही** उत्तर का चयन करें :

**अभिकथन (A) :** भारत में, सामाजिक विज्ञान को लड़कों की अपेक्षा लड़कियों के पढ़ने से ज्यादा जोड़ा जाता है।

**तर्क (R) :** सामाजिक विज्ञान को लेकर इस प्रकार का दृष्टिकोण एक तरह से पितृसत्तात्मक और लैंगिक भेदभाव रखने वाले समाज का द्योतक है।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या करता है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।

**77.** Below are two statements, one of them is **Assertion (A)** and the other is **Reason (R)**. Read them carefully and choose the **correct** answer with the help of given options.

**Assertion (A) :** A test is a form of assessment.

**Reason (R) :** It answers the question, either in comparison with others or in comparison with a domain of performance task.

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false but **(R)** is true.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें से एक **अभिकथन (A)** है और दूसरा **तर्क (R)** है। इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़ें और दिए हुए विकल्पों की सहायता से **सही** उत्तर का चयन करें।

**अभिकथन (A) :** परीक्षण (टेस्ट) आंकलन का एक रूप है।

**कारण/तर्क (R) :** यह प्रश्न का उत्तर देता है, या तो दूसरों की तुलना में या प्रदर्शन कार्यों के एक ज्ञानक्षेत्र की तुलना में।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या करता है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।

**78.** While teaching your class about the government's responsibility of providing healthcare, you decide to conduct a debate between two groups of students on whether the healthcare system in the country is functioning properly or not. Which of the following is **not** a desirable goal of organizing a classroom debate ?

(1) Enhancing student involvement and participation in class.

(2) Training students to make use of supporting evidence for their claims.

(3) Improving students' abilities to see an issue from different perspectives.

(4) Teaching students to become competitive and win at any cost.

सरकार की आरोग्य अनुरक्षण प्रदान करने के उत्तरदायित्व के विषय में अपनी कक्षा में शिक्षण करते हुए, आपने विद्यार्थियों के दो समूहों में इस विषय पर चर्चा/वाद विवाद करवाने का निर्णय लिया कि देश में आरोग्य अनुरक्षण तंत्र भली भाँति कार्य कर रहा है या नहीं ? कक्षा में वाद विवाद आयोजित करने का निम्नलिखित में से क्या एक वांछनीय लक्ष्य **नहीं** है ?

(1) कक्षा में विद्यार्थी की आविष्टता और सहभागिता को बढ़ावा देना।

(2) अपने दावों के लिए समर्थित प्रमाणों के उपयोग में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करना।

(3) किसी विषय को विभिन्न परिप्रेक्ष्यों में देखने की विद्यार्थियों की योग्यताओं को बेहतर करना।

(4) विद्यार्थियों को प्रतियोगी बनने और किसी भी मूल्य पर जीतने का प्रशिक्षण देना।

**79.** Which of the following methods may be used for improving the national standards of Social Science education to meet the challenges of global competition ?

(a) Identifying learning outcomes.

(b) Developing innovative and improved evaluation tools.

(c) Designing centralized, standardized and singular courses.

(d) Developing audio-visual and multimedia based interactive study material.

वैश्विक प्रतिस्पर्धा की चुनौतियों का सामना करने के लिए सामाजिक विज्ञान शिक्षा के राष्ट्रीय मानकों में सुधार के लिए निम्नलिखित में से किस पद्धति का उपयोग किया जा सकता है ?

(a) अधिगम परिणामों का निर्धारण करना।

(b) नवाचारी और बेहतर मूल्यांकन उपकरणों का विकास करना।

(c) केंद्रीकृत, मानकीकृत और एकल पाठ्यक्रम का निर्माण करना।

(d) श्रव्य-दृश्य और मल्टीमिडिया आधारित संवादात्मक अध्ययन सामग्री का निर्माण करना।

(1) (a), (b), (c)    (2) (b), (c), (d)    (3) (a), (c), (d)    (4) (a), (b), (d)

80. Which of the following is/are **correct** in the context of testing ?

(a) It is carried out on skills related to a particular subject.

(b) It is usually done by posing a set of questions in a uniform manner.

(c) It is an unsystematic procedure for measuring the students' understanding of a particular content or subject.

(1) Only (a) (2) Only (c)

(3) Only (a) and (b) (4) Only (b) and (c)

परीक्षण के संदर्भ में निम्न में से क्या **सही** है/हैं ?

(a) यह किसी विशेष विषय से संबंधित कौशल पर किया जाता है।

(b) यह आमतौर पर प्रश्नों के पूँज को एकसार रूप से प्रस्तुत करके किया जाता है।

(c) यह किसी विशेष सामग्री या विषय के बारे में छात्रों की समझ को मापने के लिए एक अव्यवस्थित प्रक्रिया है।

(1) केवल (a) (2) केवल (c)

(3) केवल (a) और (b) (4) केवल (b) और (c)

81. Below are two statements, read them carefully and choose the **correct** answer with the help of given options :

**Statement I :** Social (Studies) Science became part of the official curriculum in modern India only with the Basic Education programme of Gandhiji.

**Statement II :** The Secondary Education Commission provided the official recognition to the subject Social (Studies) Science at an all India level.

(1) Both **Statement I** and **Statement II** are true.

(2) Both **Statement I** and **Statement II** are false.

(3) **Statement I** is true but **Statement II** is false.

(4) **Statement I** is false but **Statement II** is true.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़ें और दिए हुए विकल्पों की सहायता से **सही** उत्तर का चयन करें :

**कथन I :** सामाजिक (अध्ययन) विज्ञान आधुनिक भारत के आधिकारिक पाठ्यक्रम का हिस्सा गाँधीजी के बुनियादी शिक्षा कार्यक्रम के साथ ही बना।

**कथन II :** माध्यमिक शिक्षा आयोग ने सामाजिक (अध्ययन) विज्ञान विषय को अखिल भारतीय स्तर पर आधिकारिक मान्यता प्रदान की।

(1) **कथन I** और **कथन II** दोनों सही हैं।

(2) **कथन I** और **कथन II** दोनों गलत हैं।

(3) **कथन I** सही है परन्तु **कथन II** गलत है।

(4) **कथन I** गलत है परन्तु **कथन II** सही है।

82. Democracy or equity should be taught :

(1) only by covering these as knowledge areas.

(2) only by make these as part of classroom process.

(3) by covering these as knowledge areas but not by make these as part of classroom process.

(4) by covering these as knowledge areas as well as part of classroom process.

लोकतंत्र या समता को पढ़ाया जाना चाहिए :

(1) सिर्फ इन्हें ज्ञान के क्षेत्रों के रूप में पढ़कर।

(2) सिर्फ इन्हें कक्षागत प्रक्रिया के रूप में शामिल करके।

(3) इन्हें ज्ञान के क्षेत्रों के रूप में शामिल करके, न कि इन्हें कक्षा प्रक्रिया का हिस्सा बनाकर।

(4) इन्हें ज्ञान के क्षेत्रों के साथ-साथ कक्षा प्रक्रिया के रूप में शामिल करके।

83. Which of the following statements on markets are **true** ?

(a) In weekly markets, things are available in cheaper rates because the shop owners purchase directly from the producers.

(b) Phone and internet shopping have caused losses to the neighbourhood shops.

(c) The goods sold in permanent shops are often costly because the shop owners have to bear the expenditure of rent, electricity, government fees etc.

**Options :**

(1) Only (a) and (b) (2) Only (b) and (c)

(3) Only (a) and (c) (4) (a), (b) and (c)

बाज़ारों पर निम्नलिखित में से कौन से कथन **सत्य** हैं ?

(a) साप्ताहिक बाज़ारों में, वस्तुएँ सस्ते दामों पर उपलब्ध होती हैं क्योंकि दुकानदार इन्हें सीधे उत्पादकों से खरीदते हैं।

(b) फोन तथा इंटरनेट से की गई खरीदारी ने स्थानीय/पास-पड़ोस दुकानों को नुकसान पहुँचाया है।

(c) स्थायी दुकानों में बेची जाने वाली वस्तुएँ प्राय: महंगी होती हैं क्योंकि दुकानदारों को किराये, बिजली, सरकार की फीस इत्यादि का खर्चा उठाना पड़ता है।

**विकल्प :**

(1) केवल (a) और (b) (2) केवल (b) और (c)

(3) केवल (a) और (c) (4) (a), (b) और (c)

84. Which of the following actions would **not** be helpful in addressing the marginalisation of certain community ?

(1) Social movement
(2) Government policy
(3) Mainstreamization
(4) Protecting cultural diversity

निम्नलिखित में से कौन सी कार्रवाई किसी समुदाय के हाशिएकरण को संबोधित करने में सहायक **नहीं** होगी ?

(1) सामाजिक आंदोलन
(2) सरकारी नीति
(3) मुख्य धारा में समाहितीकरण
(4) सांस्कृतिक विविधता का रक्षण

85. Below are two statements, one of them is **Assertion (A)** and the other is **Reason (R)**. Read them carefully and choose the **correct** answer with the help of given options.

**Assertion (A) :** Conventional Social Science teaching emphasizes learning about societies and times without reference to the child's actual lived experiences.

**Reason (R) :** Converting sets of 'Social Science facts' into processes of social inquiry has been a major strength of the texts (based on NCF - 2005).

(1) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(3) **(A)** is true but **(R)** is false.

(4) **(A)** is false but **(R)** is true.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिसमें एक **अभिकथन (A)** और दूसरा **तर्क (R)** है। इन्हें ध्यानपूर्वक पढें और दिए हुए विकल्पों की सहायता से **सही** उत्तर का चयन करें :

**अभिकथन (A) :** पारम्परिक सामाजिक विज्ञान शिक्षण, बच्चे के वास्तविक जीवन के अनुभवों का कोई संदर्भ दिए बगैर, समाजों और कालों के बारे में सीखने पर जोर देता है।

**तर्क (R) :** 'सामाजिक विज्ञान के तथ्यों' को सामाजिक जाँच-पड़ताल की प्रक्रियाओं में बदलना पाठ्यपुस्तकों (NCF - 2005 पर आधारित) का एक प्रमुख मजबूत पहलू रहा है।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या करता है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं परन्तु **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं करता है।

(3) **(A)** सही है परन्तु **(R)** गलत है।

(4) **(A)** गलत है परन्तु **(R)** सही है।

86. Which of the following is **true** in context of representative democracy in India ?

(1) People exercising franchise

(2) Direct participation of people

(3) Indirect participation of the representatives

(4) Dual citizenship

भारत में प्रतिनिधिक लोकतंत्र के संदर्भ में निम्नलिखित में से क्या **सत्य** है ?

(1) लोगों द्वारा मताधिकार का प्रयोग

(2) लोगों की सीधी/प्रत्यक्ष सहभागिता

(3) प्रतिनिधियों की अप्रत्यक्ष सहभागिता

(4) दोहरी नागरिकता

87. Which of the following will help in developing better teaching learning environment in Social Science classrooms ?

(a) Development of reference libraries.

(b) Creation of flexible school timings.

(c) Accessibility to disseminative technologies only.

(d) Development of study material in regional languages.

निम्न में से क्या सामाजिक विज्ञान की कक्षा में एक बेहतर पठन-पाठन परिवेश के निर्माण में सहायक होगी ?

(a) संदर्भ पुस्तकालयों का निर्माण

(b) लचीले स्कूल समय का निर्माण

(c) केवल प्रसार तकनीक तक पहुँच

(d) क्षेत्रीय भाषाओं में पठन सामग्री का निर्माण

(1) (a), (b), (c) (2) (b), (c), (d) (3) (a), (c), (d) (4) (a), (b), (d)

88. Below are two statements, read them carefully and choose the **correct** answer with the help of given options :

**Statement I :** It would be easy to promote equity and democracy through a classroom where teachers do not allow children to ask question.

**Statement II :** It would be difficult to promote equity and democracy through a classroom where varying opinions are encouraged to be voiced and debated.

(1) Both **Statement I** and **Statement II** are true.
(2) Both **Statement I** and **Statement II** are false.
(3) **Statement I** is true but **Statement II** is false.
(4) **Statement I** is false but **Statement II** is true.

नीचे दो कथन दिए गए हैं, इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़ें और दिए हुए विकल्पों की सहायता से **सही** उत्तर का चयन करें :

**कथन I :** ऐसी कक्षा में समता एवं लोकतंत्र को बढ़ावा देने में आसानी होगी जिसमें अध्यापिका बच्चों को प्रश्न नहीं पूछने देती।

**कथन II :** ऐसी कक्षा में समता एवं लोकतंत्र को बढ़ावा देने में समस्या होगी जिसमें विभिन्न विचारों को चर्चा एवं वाद-विवाद के लिए प्रोत्साहित किया जाता हो।

(1) **कथन I** और **कथन II** दोनों सही हैं।
(2) **कथन I** और **कथन II** दोनों गलत हैं।
(3) **कथन I** सही है परन्तु **कथन II** गलत है।
(4) **कथन I** गलत है परन्तु **कथन II** सही है।

89. It is important to share examples of 'plurality of people' in a community in the Social Science textbooks because :

(1) it ensures oversimplification of community.
(2) it ensures labelling of community.
(3) it facilitates in judging the community.
(4) it facilitates in generating portrayals of local community.

सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में समुदाय में 'लोगों के अनेकत्व' से जुड़े अनुभवों को साझा करना जरूरी है क्योंकि :

(1) यह समुदाय के अतिसरलीकरण को सुनिश्चित करता है।
(2) यह समुदाय के ठप्पाकरण को सुनिश्चित करता है।
(3) यह समुदाय के संबंध में निर्णय लेने या धारणा सुनिश्चित करने में मदद करता है।
(4) यह स्थानीय समुदाय के चित्र निर्माण में मदद करता है।

90. Which of the following feature of the Indian Constitution does **not** allow the legislature and the executive to interfere in the work of the judiciary ?

(1) Right to freedom
(2) Right against exploitation
(3) Federalism
(4) Separation of powers

भारतीय संविधान की निम्नलिखित में से कौन सी विशिष्टता विधानमण्डल और कार्यपालिका को न्यायपालिका के कार्य में हस्तक्षेप करने की अनुमति **नहीं** देती ?

(1) स्वतंत्रता का अधिकार
(2) शोषण के विरूद्ध अधिकार
(3) संघवाद
(4) शक्तियों का पृथक्करण

## PART - IV

## LANGUAGE - I : ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part-IV (Q. No. 91-120),** if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE-I** only.

**Read the passage given below and answer the questions (91 - 99) that follow :**

Pelicans are birds. There are more than half a dozen species of pelicans. All of them have the sack for which the birds are best known all over the world. The sack is like a big bag of skin hanging under their bill, or their mouth. These large carnivorous birds use them to catch fish.

Many pelicans fish by swimming in a group. They may form a line or a "U" shape and drive fish into shallow water by beating their wings on the surface. When the fish collect in the shallows, the pelicans simply scoop them up. The brown pelican, on the other hand, dives on the fish from above and traps them in its bill. Pelicans do not store fish in their pouch, but simply use it to catch them and then tip it back to drain out water and swallow the fish immediately. The American white pelican can hold some 11.5 litres of water in its bill. Young pelicans feed by sticking their bills into their parents' throats to retrieve food.

Along with giant pouch, pelicans are large birds with short legs, and they appear rather clumsy on land. Once in water, they are strong swimmers, thanks to their webbed feet. This means that webbing connects all four of their toes, even the back toe.

Pelicans are found on many of the world's coastlines and also along lakes and rivers. They travel in flocks. They also breed in groups called colonies, which typically gather on islands. The average life span of pelicans in the wild is about 10 to 25 years and their average body size is about 1.8 metres but when they open their wings their wingspan is around 3 metres. These large birds usually weigh around 13 kg.

**91.** Identify the clause of the underlined part of the sentence.

Chemical pesticides, which damage the eggs of pelicans, devastate the sea birds.

(1) Adverb clause (2) Adjective clause
(3) Noun clause (4) Principal clause

**92.** How does the brown pelican catch the fish ?
(1) By diving on the fish from above.
(2) By storing the fish in their pouch.
(3) By beating their wings.
(4) By cornering the fish into low waters.

**93.** Pelicans beat their wings over water also to __________.
(1) dive on the fish (2) push the fish towards the shallow water
(3) help their short legs (4) swallow the fish

**94.** Pelicans usually live __________.
(1) near cities (2) in North America
(3) water bodies (4) in colonies

**95.** Identify the clause in the underlined part of the sentence.

When the fish collect in the shallows, the pelicans simply scoop them up.

(1) Adverb clause of manner (2) Adverb clause of purpose
(3) Adverb clause of place (4) Adverb clause of time

**96.** Which one of the following words is most similar in meaning to the word, 'splendid' ?

(1) huge (2) high (3) magnificent (4) ordinary

**97.** Pelicans webbed feet make them __________.

(1) have their toes tied. (2) look awkward on land.
(3) powerful swimmers. (4) look large with short legs.

**98.** Which one of the following words is most opposite in meaning to the word, 'retrieve' ?

(1) recover (2) rectify (3) remedy (4) abandon

**99.** Study the following statements :

(A) The baby pelicans pick their food from their parents' pouches.
(B) The fish are kept in the pouches and eaten when the pelican feel hungry.

(1) (A) is right and (B) is wrong. (2) (B) is right and (A) is wrong.
(3) Both (A) and (B) are right. (4) Both (A) and (B) are wrong.

**Read the extract given below and answer the questions (100 - 105) that follow :**

Meadows have surprises,
You can find them if you look;
Walk softly through the velvet grass,
And listen by the brook.
  You may see a butterfly
  Rest upon a buttercup
  And unfold its drinking straws
  To sip the nectar up.
You may scare a rabbit
Who is sitting very still;
Though at first you may not see him,
When he hops you will.
  Explore the meadow houses
  The burrows in the ground,
  A nest beneath tall grasses
  The ant's amazing mound.

**100.** 'A butterfly unfolding its drinking straws'.
Which figure of speech is used in the above line ?

(1) alliteration (2) simile (3) metaphor (4) imagery

**101.** Which surprises do the meadows not hold for us ?

(1) softness of the grass
(2) soft murmur of the stream
(3) hopping of a frog out of the brook
(4) a butterfly feeding on nectar

**102.** According to the poem, which of the following kind of house is NOT found in the meadows ?

(1) burrows (2) ant's mound (3) nest (4) stable

**103.** What does the poet mean by velvet grass ?

(1) the carpet of velvet (2) grass shining like velvet
(3) grass as soft as velvet (4) grass made of velvet thread

**104.** Study the following statements :

(A) The rabbit is hiding in a burrow.
(B) The buttercup is tempting a butterfly.
(1) (A) is right and (B) is wrong.
(2) (B) is right and (A) is wrong.
(3) Both (A) and (B) are right.
(4) Both (A) and (B) are wrong.

**105.** How will you find a rabbit ?

(1) When he is in his burrow (2) When he is sitting still
(3) When he hops (4) When he is sleeping

**106.** Which one of the following does not come under institutional writing ?

(1) Notes of Condolence (2) Business letter
(3) Curriculum Vitae (4) Reviews

**107.** What is the innateness hypothesis in language acquisition and language learning ?

(1) It rejects the idea that all languages have grammars and all children learn them in their own way.
(2) It believes that all human beings can learn languages through physical drilling and conditioning.
(3) It believes that all human beings possess language knowledge at birth.
(4) It believes that language is learned as a result of habit formation.

**108.** What does 'content-oriented language inputs' refer to ?

(1) language input, which focuses on how language is used
(2) presentation of the inputs and its processes
(3) language inputs that focus on information
(4) vocabulary, pronunciation, grammar, etc.

**109.** Which approach to language teaching advocates words and word chunks as the foundation for language learning ?

(1) Task based language learning (2) Communicative approach

(3) Lexical approach (4) Grammar translation method

**110.** Which of the following is NOT the aim of multilingualism in school education ?

(1) Making use of the languages of learners for teaching-learning in school.

(2) Learning of the mother tongue as a language and as medium of learning, as far as possible.

(3) Learning of mother tongue, Hindi and English under three language formula.

(4) All children begin their schooling with their mother tongue and move on to add many (at least two more) languages.

**111.** Vani is reading an article in order to get a general overview of the text. What is her reading known as ?

(1) Drawing Inference (2) Scanning

(3) Skimming (4) Critical reading

**112.** Select two appropriate readings to promote school-based assessment.

(a) It helps in the promotion of autonomy among both learners and teachers.

(b) It gives scope for the school to plan on their own.

(c) It takes away the examination board's power.

(d) It does not involve learner as an active participant in the processes of planning the assessment.

(1) (a) and (b) (2) (b) and (c) (3) (c) and (d) (4) (d) and (a)

**113.** Which educational philosophy advocates the following ?

Learning environment such as real-world settings or case-based learning are used instead of predetermined sequences of instruction.

(1) Nativism (2) Constructivism

(3) Audiolingualism (4) Cognitivism

**114.** Rahul, a learner of class VI while learning the new grammatical form is able to connect what he has already learned. Which of the following strategies comes from this ?

(1) Heuristic strategies

(2) Cognitive strategies

(3) Metacognitive strategies

(4) Both cognitive and metacognitive strategies

**115.** A teacher of class VII reads out the short text of seven sentences. Then she asks her learners to listen to it carefully and recreate the text nearer to it, not exactly the same text. What is this strategy known as ?

(1) Schema creation (2) Top-down strategy

(3) Bottom-up strategy (4) Paragraph dictation

**116.** Which of the following is true in terms of the objectives of Learning Outcomes ?

(a) promote competency-based learning rather than content focused learning.

(b) enable learners to master the language skills necessary to become creative users of language.

(c) master the content and be able to apply it later.

(d) enable learners to learn to use language for specific purposes.

(1) (c) alone is true (2) (b) and (c) are true

(3) (d) and (c) are true (4) (a) and (d) are true

**117.** Which of the following statements best describes 'procedural knowledge' in the context of learning grammar ?

(1) knowing about the form.

(2) knowing what a grammatical form is and using it.

(3) learning the rules of grammar and reproduce it later.

(4) Understanding how a grammatical form works from a grammar book.

**118.** Mrs. Usha Rani, a teacher of English at the Government High School, supports her learners to speak the English language by making them use the language for day-to-day purposes and by teaching them formulaic usages. What does she attempt to develop in her learner ?

(1) Communication Skills

(2) Interpersonal Skills

(3) Cognitive Academic Language Proficiency

(4) Basic Interpersonal Communication Skills

**119.** A teacher collects a particular pattern of errors of learners of class VII and discusses them once a month to make her learners aware of their errors. She does not reveal who committed those errors. She also asks her learners to reflect on their errors. What is this practice known as ?

(1) Study and engagement with grammar

(2) Teaching grammar

(3) Providing feedback

(4) Error analysis

**120.** Words that we recognise when we hear or see them are known as :

(1) Lexis (2) Productive vocabulary

(3) Receptive vocabulary (4) Engaging vocabulary

# भाग - IV
## भाषा - I : हिन्दी

**महत्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग-IV ( प्र.सं. 91 से 120 )** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा-I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सबसे सही उत्तर वाले विकल्प का चयन करें। (91-99)**

मनुष्य के जीवन के शुरुआती एक-दो वर्ष तक किताब की कोई कल्पना नहीं होती। धीरे-धीरे किताबें उनके जीवन में आती हैं। हम किताब किसे कहेंगे ? सामान्यत: कुछ ऐसे पन्ने जिन पर कुछ लिखा हो या छपा हो और उन्हें इकट्ठा कर एक ओर से बाँध दिया जाए तो वह पुस्तक कहलाएगी। किताब की शुरुआत हुई ताल के पत्तों पर लिखने, इकट्ठा कर धागों से बाँधने के साथ। इन ताल पत्तों पर केवल वे ही लोग लिखते थे जिनकी लिखाई सुंदर होती थी। जो लोग सुंदर चित्रकारी कर सकते थे वे इन पर चित्र बनाते थे। इससे भी पहले की बात है, मिस्र में पपाइरस नाम के पौधे से बहुत पतला कागज बनाया जाता। उन पर लिखा जाता, चित्र बनाए जाते और इकट्ठा कर किताब तैयार की जाती। इन कागजों पर हाइरोग्लाइफ लिपि में हाथ से लिखा जाता था। छपाई की मशीन के आविष्कार के साथ किताबें मशीन से छपने लगीं।

**91.** 'लिख' में कौन-सा प्रत्यय लगाकर सार्थक शब्द बनाया जा सकता है ?
(1) आवट (2) आरी (3) आनी (4) आहट

**92.** गद्यांश के अनुसार किताब का सबसे पहला स्वरूप कौन-सा है ?
(1) मशीन से छपी किताब।
(2) ताल के पत्तों पर लिखी किताब।
(3) पपाइरस पर मशीन से छपी किताब।
(4) पपाइरस पर हाथ से लिखी किताब।

**93.** किन लोगों को ताल पत्तों पर चित्रकारी करने का काम दिया जाता था ?
(1) जिन्हें छपाई का काम आता था।
(2) जिन्हें ताल पत्तों की पहचान थी।
(3) जिनकी चित्रकारी बहुत सुंदर थी।
(4) जिनकी लिखावट बहुत सुंदर थी।

**94.** पपाइरस नाम का पौधा किस काम आता था ?
(1) छपाई की मशीन बनाने के लिए।
(2) पतला कागज बनाने के लिए।
(3) स्याही बनाने के लिए।
(4) वस्त्र बनाने के लिए।

**95.** भिन्न वाक्य की पहचान करें।
(1) किताब की कोई कल्पना नहीं होती।
(2) किताब की शुरुआत हुई ताल के पत्तों पर लिखकर उन्हें बाँधने से।
(3) समस्त संसार किताबें पढ़ता है।
(4) किताबें मशीन से छपने लगीं।

**96.** पतले कागजों पर किस लिपि में लिखा जाता था ?
(1) हाइरोग्लाइफ (2) देवनागरी (3) रोमन (4) ब्राह्मी

**97.** सामान्यत: मनुष्य का किताब से परिचय किस अवस्था में होने लगता है ?

(1) विद्यालयी शिक्षा प्रारंभ होने पर।
(2) जीवन के शुरुआती एक-दो वर्ष के बाद।
(3) किशोरावस्था तक आते-आते ।
(4) लगभग तीन वर्ष की अवस्था में।

**98.** कौन-सा शब्द समूह से भिन्न है ?

(1) पतले - पतले
(2) धीरे - धीरे
(3) ऊँचे - ऊँचे
(4) ऊँचे - नीचे

**99.** ताल पत्तों को किताब का स्वरूप देने के लिए कौन-से लोग लिख सकते थे ?

(1) जिनका हस्तलेखन बहुत सुंदर था।
(2) जिनके विचार बहुत सुंदर थे।
(3) जिनकी चित्रकारी बहुत सुंदर थी।
(4) जिनके पास सुंदर ताल पत्र थे।

**नीचे दिए गए पद्यांश को पढ़कर सबसे सही उत्तर वाले विकल्प का चयन करें। (100-105)**

यह धरती कितना देती है! धरती माता
कितना देती है अपनी संतान को!
नहीं समझ पाया था मैं उसके महत्त्व को!
बचपन में, छि:, स्वार्थ लोभवश पैसे बोकर!
रत्न प्रसविनी है वसुधा, अब समझ सका हूँ!
इसमें सच्ची समता के दाने बोने हैं,
इसमें जन की क्षमता के दाने बोने हैं,
इसमें मानव ममता के दाने बोने हैं,
जिससे उगल सके फिर धूल सुनहली फसलें
मानवता की - जीवन श्रम से हँसें दिशाएँ
हम जैसा बोएँगे वैसा ही पाएँगे।

**100.** 'वसुधा' का समानार्थी है :

(1) अंबा
(2) समीर
(3) सरिता
(4) धरा

**101.** 'रत्न प्रसविनी' का क्या अर्थ है ?

(1) रत्नों को धारण करना।
(2) रत्नों का क्रय-विक्रय करना।
(3) रत्नों का संरक्षण करना।
(4) रत्नों को जन्म देना।

**102.** रचनाकार ने बचपन में कौन-सी फसल बोई थी ?

(1) ममता की
(2) समानता की
(3) धन की
(4) मानवता की

103. रचनाकार स्वयं को किस बात के लिए धिक्कार रहा है?

(1) श्रम के महत्व की समझ न बन पाने के लिए।

(2) धरती माँ के महत्व को न समझ पाने के लिए।

(3) मानवीय गुणों का आचरण न कर पाने के लिए।

(4) किसी भी तरह की फसल न बो पाने के लिए।

104. रचनाकार ने धरती माता की संतान किसे कहा है?

(1) समस्त मानव जाति को।

(2) समस्त वनस्पति को।

(3) समग्र जल राशि को।

(4) समग्र रत्न राशि को।

105. 'हम जैसा बोएँगे वैसा ही पाएँगें' कविता की इस पंक्ति के भाव वाले मुहावरे का चयन करें :

(1) जैसी करनी वैसी भरनी। (2) गेहूँ के साथ घुन पिसना।

(3) खून पसीना एक करना। (4) छाती पर मूँग दलना।

106. निम्नलिखित में से कौन-सा संस्थागत लेखन के अन्तर्गत नहीं आएगा?

(1) संवेदना (शोक संबंधी) टिप्पणी (2) व्यापारिक पत्र

(3) जीवन वृत्त परिचय (सी.वी.) (4) समीक्षाएँ

107. भाषा अर्जन और भाषा अधिगम में सहजात परिकल्पना से क्या तात्पर्य है?

(1) यह इस विचार बिन्दु को निरस्त करती है कि सभी भाषाओं में व्याकरण है और सभी बच्चे भाषा अपने तरीकों से सीखते हैं।

(2) यह इस तथ्य में विश्वास रखती है कि सभी मनुष्य भाषा शारीरिक ड्रिल और अनुकूलन के माध्यम से सीख सकते हैं।

(3) यह इस तथ्य में विश्वास रखती है कि सभी मनुष्य जन्म से ही भाषा ज्ञान रखते हैं।

(4) यह इस तथ्य में विश्वास रखती है कि भाषा आदत निर्माण के रूप में सीखी जाती है।

108. 'विषय अभिमुखी भाषा निवेश' किससे संबंधित है?

(1) वह भाषा निवेश जो इस बात पर बल देता है कि भाषा का प्रयोग कैसे किया जाता है।

(2) निवेश और इसकी प्रक्रियाओं की प्रस्तुति।

(3) वह भाषा निवेश जो सूचनाओं पर बल देता है।

(4) शब्दावली, उच्चारण, व्याकरण आदि।

109. भाषा शिक्षण का कौन-सा उपागम भाषा अधिगम के लिए एक आधार (नींव) के रूप में शब्दों और शब्द समूहों की अनुशंसा करता है?

(1) कार्य आधारित भाषा अधिगम (2) सम्प्रेषणात्मक उपागम

(3) कोश विषयक उपागम (4) व्याकरण अनुवाद विधि

**110.** निम्नलिखित में से कौन-सा विद्यालयी शिक्षा में बहुभाषावाद का उद्देश्य **नहीं** है ?

(1) विद्यालय में शिक्षण अधिगम के लिए शिक्षार्थियों की भाषा का प्रयोग करना।

(2) जहाँ तक संभव हो सके भाषा तथा अधिगम के माध्यम के रूप में मातृभाषा का अधिगम।

(3) त्रिभाषा सूत्र के अन्तर्गत मातृभाषा, हिन्दी और अंग्रेजी का अधिगम।

(4) सभी बच्चे अपनी विद्यालयी शिक्षा अपनी मातृभाषा में आरंभ करते हैं और आगे जाकर बहुत सी भाषाएँ (कम से कम दो या अधिक) जोड़ते जाते हैं।

**111.** वाणी नामक विद्यार्थी किसी एक पाठ्य सामग्री का सामान्य सा परिचय (ओवर व्यू) जानने के लिए एक आलेख पढ़ती है। उसके इस पठन को किस रूप में जाना जाएगा ?

(1) निष्कर्ष निकालना (इंफ्रेन्शियल) (2) बारीकी से पठन (स्कैनिंग)

(3) सरसरी तौर पर पठन (स्किमिंग) (4) समालोचनात्मक पठन

**112.** विद्यालय आधारित आकलन को समुन्नत करने के लिए दो उपयुक्त कथनों का चयन करें।

(a) यह शिक्षार्थी और अध्यापक दोनों में ही स्वायत्ता को समुन्नत करने में मदद करता है।

(b) यह विद्यालय को अपनी ओर से योजना बनाने के लिए संभावनाएँ जुटाता है।

(c) यह परीक्षा बोर्ड की सत्ता का हनन करता है।

(d) यह आकलन की योजना बनाने की प्रक्रिया में शिक्षार्थी को एक सक्रिय प्रतिभागी के रूप में शामिल नहीं करता है।

(1) (a) और (b) (2) (b) और (c) (3) (c) और (d) (4) (d) और (a)

**113.** कौन-सा शैक्षिक दर्शन निम्नलिखित की अनुशंसा करता है ?

निर्देश के पूर्व निर्धारित क्रमों के स्थान पर वास्तविक जीवन परिवेश या केस आधारित अधिगम का प्रयोग अधिगम परिवेश के रूप में।

(1) प्राकृतवाद (नेटीविज़्म) (2) रचनावाद

(3) श्रृव्य भाषावाद (4) संज्ञानवाद

**114.** कक्षा छह का शिक्षार्थी राहुल व्याकरण के नए नियम सीखते समय अपने पहले से सीखे गए से जुड़ाव बना पाता है। कौन-सी युक्ति इसके अन्तर्गत आएगी ?

(1) खोजबीन संबंधी युक्तियाँ

(2) संज्ञानात्मक युक्तियाँ

(3) अधिसंज्ञानात्मक युक्तियाँ

(4) संज्ञानात्मक और अधिसंज्ञानात्मक दोनों प्रकार की युक्तियाँ

**115.** कक्षा सात की अध्यापक सात वाक्यों वाली एक संक्षिप्त पाठ्य सामग्री पढ़ती है। तत्पश्चात् वह अपने शिक्षार्थियों को सावधानी पूर्वक सुनने और इसके जैसी अर्थ देने वाली मगर बिलकुल ऐसी नहीं पाठ्य सामग्री पुनः सृजित करने के लिए कहती है। इस युक्ति को क्या कहा जाएगा ?

(1) स्कीमा सृजन (2) शीर्ष अधोगामी (टॉप डाउन)

(3) बॉटम अप युक्ति (4) अनुच्छेद श्रुतलेख

116. अधिगम प्रतिफलों के उद्देश्य के संबंध में कौन-सा कथन सही है?

(a) विषयवस्तु केन्द्रित अधिगम की तुलना में दक्षता आधारित अधिगम को समुन्नत करना।

(b) भाषा के रचनात्मक प्रयोगकर्ता होने के लिए आवश्यक भाषा कौशलों में निपुणता प्राप्त करने लिए शिक्षार्थियों को सक्षम बनाना।

(c) विषयवस्तु में निपुणता और बाद में उसे प्रयोग में लाने की योग्यता।

(d) विशिष्ट उद्देश्यों के लिए भाषा का प्रयोग सीखने हेतु शिक्षार्थियों को सक्षम बनाना।

(1) केवल (c) सही है।
(2) (b) और (c) सही हैं।
(3) (d) और (c) सही हैं।
(4) (a) और (d) सही हैं।

117. व्याकरण अधिगम के संदर्भ में कौन-सा कथन सर्वाधिक उपयुक्त तरीके से 'प्रक्रियात्मक ज्ञान' का वर्णन करता है?

(1) नियमों को जानना।

(2) व्याकरण नियम क्या है और कैसे प्रयोग करना है, यह जानना।

(3) व्याकरण के नियमों को जानना और बाद में उनका प्रयोग करना।

(4) यह समझ बनाना कि व्याकरण के नियम व्याकरण की पुस्तक में कैसे कार्य करते हैं।

118. राजकीय हाईस्कूल की अंग्रेजी भाषा की अध्यापिका श्रीमती उषारानी अपने शिक्षार्थियों को दिन-प्रतिदिन के उद्देश्यों के लिए भाषा प्रयोग और सूत्रों के प्रयोगों के शिक्षण के माध्यम से अंग्रेजी भाषा बोलना सीखने में मदद करती हैं। वह अपने शिक्षार्थियों में किसके विकास की कोशिश कर रही हैं?

(1) सम्प्रेषण कौशल

(2) अन्त: वैयक्तिक कौशल

(3) संज्ञानात्मक अकादमिक भाषायी निपुणता

(4) बुनियादी अन्त: वैयक्तिक सम्प्रेषण कौशल

119. एक अध्यापक कक्षा सात के शिक्षार्थियों द्वारा की गई गलतियों के विशिष्ट प्रतिमान (पैटर्न) की पहचान करती है और अपने शिक्षार्थियों को इन गलतियों के प्रति जागरूक करने के लिए माह में एक बार इन पर चर्चा करती है। अध्यापिका यह बिलकुल भी ज़ाहिर नहीं करती है कि गलतियाँ किसके द्वारा की गई हैं। वह शिक्षार्थियों को इन गलतियों पर विमर्श करने के लिए भी कहती है। इस प्रकार के अभ्यास को क्या कहेंगे?

(1) व्याकरण का अध्ययन और संलग्नता
(2) व्याकरण शिक्षण
(3) पृष्ठपोषण देना (फीडबैक)
(4) त्रुटि विश्लेषण

120. वे शब्द जिन्हें हम सुनने और देखने पर पहचानते हैं, किस रूप में जाने जाते हैं?

(1) कोश विषयक
(2) उत्पादक शब्दावली
(3) ग्राह्यशील शब्दावली
(4) शब्द संपदा से संलग्नता (प्रयोग)

# PART - V
## LANGUAGE - II : ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part-V (Q. No. 121-150),** if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE-II** only.

**Read the passage given below and answer the questions (121 - 128) that follow :**

People are drawn to vegetarianism by all sorts of motives. Some of us want to live longer, healthier lives or do our part to reduce pollution. Others have made the switch because we want to preserve earth's natural resources or because we've always loved animals and are ethically opposed to eating them.

Vegetarianism promotes a natural way of life. But despite its implicit message of universal love and non-violence it has not spread as it should have. This may be because it usually is an inward-looking habit and is best cultivated in the mind.

Leading a vegetarian way of life helps the animal kingdom co-exist with man. The animals supply milk, manure and energy. This has been central to the Indian culture for thousands of years. A vegetarian life style is natural, multifaceted and helps self-preservation in a healthy way. Food and health are closely related.

Vegetarian foods provide an infinite variety of flavours whereas non-vegetarian foods have hardly any taste of their own. In fact, non-vegetarian foods have to be seasoned with ingredients from the vegetable kingdom to make them palatable.

**121.** Identify the clause of the underlined part of the following sentence.

"A low-fat vegetarian diet is the single most effective way <u>in which we can stop the progression of coronary artery disease</u>."

(1) Adjective clause
(2) Noun clause
(3) Adverb clause
(4) Principal clause

**122.** Which of the following is NOT a motive for people to draw to vegetarianism ?

(1) They want to live longer, healthier lives.
(2) They want to preserve earth's natural resources.
(3) They oppose eating animals because of their love for them.
(4) They find vegetarian food cheaper than non-vegetarian food.

**123.** The implicit message that vegetarianism spreads is __________.

(1) healthier lifestyle
(2) reduction in pollution
(3) natural way of life
(4) universal love and non-violence

**124.** Vegetarianism is not as popular as it should be because __________.

(1) it promotes natural way of life
(2) it helps the animal kingdom co-exist with man
(3) it is an inward looking habit and is best cultivated in the mind
(4) we want to preserve earth's natural resources

**125.** Which one of the following words is most similar in meaning to the word 'cultivated' ?
(1) loved (2) attracted (3) developed (4) liked

**126.** Which one of the following words is opposite in meaning to the word, 'tasteless' as used in the passage ?
(1) infinite (2) seasoned (3) taste (4) palatable

**127.** Identify the part of speech of the underlined word in the following expression.
<u>This</u> has been central to the Indian Culture.
(1) Adverb (2) Preposition (3) Pronoun (4) Conjunction

**128.** Read the following statements and state which of the options given below is correct.
(A) Vegetarianism promotes longer and healthier lives and helps to preserve earth's natural resources.
(B) Vegetarianism has not become very popular because it does not help in prevention or treatment of heart diseases.
(1) Only (A) is correct. (2) Only (B) is correct.
(3) Both (A) and (B) are correct. (4) Both (A) and (B) are incorrect.

**Read the passage given below and answer the questions (129 - 135) that follow.**

Lack of self-control has brought grief to more people than any other shortcoming known to the human race. Every successful person must have some sort of a balance wheel for his or her emotions. When a person becomes extremely angry, certain glands triggered by negative emotions begin to empty their contents into the blood and if this is kept up for more time, it will result in serious damage to the entire system, sometimes leading to death. The blood coagulates at that time. Nature created this system for the protection of the young human race during the savage stage of development, when anger usually preceding a fight might mean opening of the veins and loss of blood.

There is a reason of developing self-control. One who lacks self-control may be easily mastered by one who has such control. Success in life is very largely a matter of harmonious negotiation with other people and this requires self-control in abundance.

The author of the 'Law of Success Philosophy' once observed a long line of angry woman in front of the 'Complaint Desk' of a large Chicago department store. The young woman who was hearing the complaints, kept cool and smiled all the time not withstanding the fact that some of the women were very abusive. One by one, this young woman directed the women to the right department and she did it with such poise that it caused the author to walk up closer where he could see just what was happening.

**129.** What did the young woman who was hearing the complaints do ?
(1) She became very angry. (2) She kept her cool.
(3) She became sad. (4) She became impatient.

**130.** Study the following statements :
(A) Lack of self-control makes people grief stricken.
(B) Harmonious negotiation with other people is required for self-control.
(1) Only (A) is correct. (2) Only (B) is correct.
(3) Both (A) and (B) are correct. (4) Both (A) and (B) are incorrect.

**131.** What every successful person must have ?

(1) Money (2) Prestige

(3) Self-control (4) Good environment

**132.** Which one of the following words is most similar in meaning to the phrase 'liquid getting thick' as used in the passage ?

(1) coagulate (2) triggered (3) savage (4) contained

**133.** Harmonious negotiation is needed for __________.

(1) success in life (2) self-control

(3) negative emotions (4) protection of young human race

**134.** Identify the part of speech of the underlined word in the following sentence.

'.......... and if this kept up <u>for</u> some time,..........'

(1) Pronoun (2) Preposition (3) Conjunction (4) Adverb

**135.** Which one of the following words is opposite in meaning to the word 'pleasure' ?

(1) loss (2) anger (3) grief (4) damage

**136.** A teacher gives the following assignment to her students of class VIII. What type of writing would this be described as ?

In pairs, brainstorm, jot down ideas and develop them into a good write-up giving two arguments in favour and two against the topic, *Students do not need to have printed books any more*.

(1) Personal writing (2) Expository writing

(3) Discursive writing (4) Descriptive writing

**137.** Which of the following is true of the innateness hypothesis of language acquisition and language learning ?

(1) Efforts of the parents, peers and those near to the child as well as the environment are responsible for language acquisition.

(2) Language is unique only to humans and only human who can speak a language.

(3) Language faculty present in children makes them conceive language through intense practice and drilling.

(4) Language faculty present in children is responsible for the production and acquisition of language in children.

**138.** Which one of the following are bottom-up listening activities ?

(1) Dictation, cloze listening, use of multiple-choice questions, identifying positive and negative statements.

(2) Summarising, listening to the whole message and applying the background knowledge.

(3) Rearranging the jumbled words into sentences as one listens.

(4) Recitation of poetry, extempore speech, debate and discussions.

**139.** What does 'Pedagogical realization of materials' mean in language teaching ?
(1) Embedding activities and tasks to promote language pedagogy.
(2) Embedding the pedagogy into the materials to enable the teacher to adopt the pedagogy.
(3) Enabling the teacher to understand the pedagogy in her classroom.
(4) To lists the various pedagogical strategies for classroom use.

**140.** 'All learners in school begin their education in the mother tongue and move on to add many more languages as they move forward in school.'
What is this known as in language-in-education policy ?
(1) Culture specific language-in-education policy
(2) Three language formula for school education
(3) Mother as base for language education
(4) Mother tongue-based multilingualism

**141.** Sandhya reads an article on machine learning to find some information. What is her reading known as ?
(1) Glancing (2) Reviewing (3) Skimming (4) Scanning

**142.** What is the following task known as ?
A piece of small text is made into two different chunks or every alternate sentence is given to a pair and each learner dictates to the other and the other writes. This process is reversed to make the other person listen and write and they can later work together to finalise the whole text.
(1) Transcreation (2) Paragraph dictation
(3) Mutual dictation (4) Grammar dictation

**143.** 'Learning is a search for meaning. Therefore, learning must start with the issues around which learners are actively trying to make meaning.'
Which educational philosophy advocates the above idea ?
(1) Behaviourism (2) Constructivism
(3) Multiple Intelligence (4) Structuralism

**144.** What do 'form oriented language inputs' refer to ?
(1) Meaning of the inputs for learning the language
(2) Use of vocabulary, pronunciation and grammar
(3) Inputs which focus on information
(4) The potential of the input for learning to write

**145.** Which of the following is 'assessment for learning' ?
(1) Assessments designed to monitor and improve students' progress during the teaching-learning process.
(2) Assessments designed to know students' progress at the end of the year and for consideration to promote them.
(3) Assessment by the state to diagnose the achievement of learners at a particular stage.
(4) Assessment designed to monitor students' progress at the end of each term.

**146.** What is productive vocabulary ?

(1) Words that we use in writing and speaking.

(2) Words that we recognize as we hear.

(3) Words that we fail to recognize.

(4) Words that we may recall sometimes while listening.

**147.** Which one of the following statements would you NOT endorse for the teaching-learning of poetry ?

(1) Poetry is for exercising the imagination of learners.

(2) Poetry is for working with language.

(3) Poetry is for pleasure.

(4) Poetry is for teaching grammar.

**148.** The language used in the classroom in the various content areas as the teacher presents and interact with students. What is this language skill known as ?

(1) Basic Interpersonal Communication Skills

(2) Language for real-life purposes

(3) Language register

(4) Cognitive Academic Language Proficiency

**149.** Which type of grammatical knowledge does the following statement mean ?

Knowledge about the form, describing it and applying it in limited practice.

(1) Competence (2) Metacognitive knowledge

(3) Procedural knowledge (4) Declarative knowledge

**150.** What does the following task involve ?

Learners are given a hotel menu and they have to order food for four people for an amount of Rs. 1800/-. One is a vegetarian, and other one is allergic to mushrooms. They have to keep Rs. 70 for auto rickshaw to go back hostel. Learners are speaking about what they will order, their preferences, and keeping the money to get back to the hostel.

(1) Higher order thinking skills

(2) Study-Engage-Reflect-Use (language)

(3) Cognitive strategies

(4) Present-Practice-Produce (language)

## भाग - V
## भाषा - II : हिन्दी

**महत्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग-V ( प्र.सं. 121 से 150 )** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा-II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो।

**नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सबसे सही उत्तर वाले विकल्प का चयन करिए। (121 - 128)**

'अध्ययन' शब्द का सामान्य अर्थ है – पढ़ना और इसका विशिष्ट अर्थ है – पढ़ने के साथ गुनना अर्थात् हम जो कुछ भी पढ़ते हैं, उस पर गहराई से चिंतन-मनन करना। अध्ययन के द्वारा अपनी रुचियों को विस्तृत, जागृत और परिष्कृत किया जा सकता है, तरह-तरह के विषयों का ज्ञान सहजता से प्राप्त किया जा सकता है, अंधविश्वासों और गलत धारणाओं को मिटाया जा सकता है, आत्मिक शान्ति का लाभ भी पाया जा सकता है। अध्ययन का तात्पर्य पुस्तक में छपी सूचना पढ़कर याद कर लेना नहीं है। अध्ययन के लिए असीमित विषयक्षेत्र हैं – साहित्य, संगीत, विज्ञान, धर्म, दर्शन, मनोरंजन आदि। अध्ययन ने नए क्षितिज का उद्घाटन किया है। यह कहना अतिश्योक्ति न होगा कि अध्ययन – मनन प्रत्येक क्षेत्र की मूल समृद्धि का आधार है।

**121.** उपसर्ग की दृष्टि से 'समालोचना' का विग्रह है –

(1) सम् + आलोचना
(2) स + म + आलोचना
(3) सम + आलोचना
(4) समा + लोचना

**122.** अध्ययन के द्वारा क्या प्राप्त किया जा सकता है ?

(1) सूचनाओं का संग्रहण।
(2) अंधविश्वासों का अधिग्रहण।
(3) रुचियों का विस्तारण।
(4) कार्यों का निरीक्षण।

**123.** 'पढ़ने के साथ गुनना' का क्या तात्पर्य है ?

(1) पढ़कर याद कर लेना।
(2) पढ़े गए पर चिंतन मनन करना।
(3) पढ़े गए पर वक्तव्य तैयार करना।
(4) पढ़कर पुनर्लेखन करना।

**124.** गद्यांश में अध्ययन के किस विषय का उल्लेख **नहीं** हुआ है ?

(1) इतिहास (2) साहित्य (3) दर्शन (4) विज्ञान

**125.** 'अध्ययन ने नए क्षितिज का उद्घाटन किया है।' वाक्य से आशय है :

(1) नई-नई पुस्तकों का विमोचन होना ज़रूरी है।
(2) अध्ययन से अपार संभावनाओं के द्वार खुलते हैं।
(3) अध्ययन से विकास का नया क्षेत्र सामने आया है।
(4) अध्ययन कल्पनाशीलता को पुष्ट करता है।

**126.** 'जागृति' का विलोम है –

(1) सचेत (2) सीमित (3) सृष्टि (4) सुषुप्ति

127. 'समृद्धि' का अर्थ है –

(1) सम्राज्ञी (2) सम्यक् (3) संपन्नता (4) समिधा

128. 'अध्ययन से विकास, उन्नति और प्रगति के रास्ते खुलते हैं।'
यह भाव गद्यांश की किस पंक्ति में व्यक्त किया गया है?

(1) अध्ययन के लिए असीमित विषय क्षेत्र हैं।
(2) आत्मिक शान्ति का लाभ पाया जा सकता है।
(3) 'अध्ययन' का सामान्य अर्थ है पढ़ना।
(4) अध्ययन प्रत्येक क्षेत्र की मूल समृद्धि का आधार है।

**नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए। (129-135)**

विज्ञापन का सामान्य अर्थ किसी प्रकार की नयी सूचना को जन-जन तक पहुँचाना है। यह सूचना सरकार द्वारा दी जाने वाली घोषणाएँ भी हो सकती हैं या फिर किसी नव शोधित, उत्पादित या निर्मित वस्तु के प्रचार से भी संबंधित हो सकती है। सामान्य-विशेष सभी तक विज्ञापित करने का काम प्राचीन काल में भी होता था और आज के युग में तो इसकी अनिवार्यता बढ़ती ही जा रही है। ढिंढोरा पीटना, मुनादी करना ये सब विज्ञापन के ही रूप थे। पुस्तकों के प्रकाशन व रेडियो के आविष्कार के साथ विज्ञापन के क्षेत्र में क्रान्ति आई। सभी प्रकार के सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजन, नौकरी, उपलब्धि, यहाँ तक की वर-वधु की खोज यह भी विज्ञापन के क्षेत्र में आ गए हैं। यह कला के साथ-साथ एक व्यवसाय भी बन गया है। पत्र-पत्रिका, रेडियो, टी.वी., फिल्में ये सब विज्ञापन के सशक्त साधन हैं।

129. विज्ञापन का सामान्य अर्थ क्या है?

(1) लोगों तक सूचनाएँ पहुँचाना। (2) केवल विशिष्ट लोगों को संदेश देना।
(3) केवल सामान्य लोगों को जानकारी देना। (4) सभी लोगों को भ्रमित करना।

130. प्राचीन काल में विज्ञापन का क्या स्वरूप था?

(1) टी.वी. द्वारा विज्ञापन प्रसारित करवाना।
(2) रेडियो द्वारा विज्ञापन प्रसारित करवाना।
(3) पत्र-पत्रिकाओं में विज्ञापन छपवाना।
(4) मुनादी द्वारा विज्ञापन करवाना।

131. गद्यांश में विज्ञापन के किस स्वरूप का उल्लेख **नहीं** हुआ है?

(1) पत्र-पत्रिका (2) टी.वी. (3) भित्ति लेखन (4) रेडियो

132. 'प्राचीन' का विलोम है :

(1) परंपरागत (2) नवीन (3) अधीन (4) भविष्य

133. गद्यांश के अनुसार कौन-सा वाक्य सही है?

(1) विज्ञापन एक आधुनिक कला है।
(2) यह कला भी है और एक व्यवसाय भी है।
(3) विज्ञापन की आवश्यकता घटती जा रही है।
(4) सांस्कृतिक आयोजन विज्ञापन की दुनिया से अछूते हैं।

**134.** 'विज्ञापन के क्षेत्र में क्रान्ति आई।'
वाक्य से आशय है –
(1) विज्ञापन के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन हुआ है।
(2) विज्ञापन से लोगों को जानकारी नहीं पहुँच रही है।
(3) विज्ञापन का विषय-क्षेत्र घट रहा है।
(4) विज्ञापन की सार्थकता बढ़ गयी है।

**135.** प्रत्यय की दृष्टि से कौन-सा शब्द भिन्न है?
(1) उत्पादित (2) निर्मित (3) ललित (4) शोधित

**136.** एक अध्यापक कक्षा 8 के शिक्षार्थियों को निम्नलिखित प्रदत्त कार्य देता है। इस प्रकार के लेखन को क्या कहा जाएगा?
अपने सहपाठी (जोड़ीदार) के साथ मानस मंथन करो, विचार बिन्दु नोट करो और एक ऐसा लेखा तैयार करो जिसमें इस विषय पर पक्ष और विपक्ष के लिए दो-दो तर्क हों।
टॉपिक – "विद्यार्थियों को मुद्रित पाठ्य पुस्तकें देने की आवश्यकता नहीं है।"
(1) निज लेखन (2) व्याख्यात्मक लेखन
(3) विमर्शात्मक लेखन (4) वर्णनात्मक लेखन

**137.** भाषा अर्जन और भाषा अधिगम की सहजात परिकल्पना के बारे में कौन सा सही है?
(1) यह अभिभावकों, सहपाठियों और बच्चों के नज़दीक रहने वालों के प्रयास हैं और साथ-साथ भाषा अर्जन के लिए उत्तरदायी परिवेश है।
(2) भाषा केवल मनुष्य की अनूठी विशेषता है और केवल मनुष्य ही भाषा बोल सकते हैं।
(3) भाषा संकाय गंभीर अभ्यास और ड्रिल के माध्यम से बच्चों को भाषा उत्पन्न करने का गुण प्रदान करती है।
(4) भाषा को उत्पन्न करने और भाषा अर्जन हेतु भाषा संकाय बच्चों की स्थायी निधि है (उन्हें सम्पन्न बनाती है)।

**138.** निम्नलिखित में से कौन-सी गतिविधि बॉटम-अप श्रवण गतिविधि है?
(1) श्रुतलेख, क्लोज श्रवण, बहुवैकल्पिक प्रश्नों का प्रयोग, सकारात्मक और नकारात्मक कथनों की पहचान करना।
(2) सारांशीकरण, समग्रसंदेश का श्रवण और पृष्ठभूमि संबंधी ज्ञान का प्रयोग करना।
(3) किसी के द्वारा सुनते समय गड्मड् (जम्बल्ड) शब्दों को वाक्यों में पुन:व्यवस्थित करना।
(4) कविता गाना, तुरन्ता (एक्सटम्पोर) व्याख्यान, वादविवाद और चर्चाएँ।

**139.** भाषा शिक्षण में 'सामग्री को शिक्षणशास्त्रीय रूप से अनुभव कर पाने' से क्या तात्पर्य है?
(1) भाषा शिक्षणशास्त्र को समुन्नत करने के लिए गतिविधियों और कार्यों को शामिल करना।
(2) अध्यापक को शिक्षणशास्त्र स्वीकार करने के समर्थ बनाने हेतु सामग्री को शिक्षणशास्त्र में शामिल करना।
(3) अध्यापक को अपनी कक्षा के लिए शिक्षणशास्त्र समझने के समर्थ बनाना।
(4) कक्षा में प्रयोग के लिए विभिन्न प्रकार की शिक्षणशास्त्रीय युक्तियों की सूची बनाना।

**140.** सभी शिक्षार्थी विद्यालय में अपनी शिक्षा मातृभाषा में सीखते हैं और जैसे-जैसे वे अगली कक्षाओं में जाते हैं, बहुत सी भाषाएँ सीखते चलते हैं।
'शिक्षा में भाषा' नीति के अनुसार इसे क्या कहेंगे?
(1) संस्कृति आधारित शिक्षा में भाषा नीति
(2) विद्यालयी शिक्षा के लिए त्रिभाषा सूत्र
(3) भाषा शिक्षा की नींव के रूप में मातृभाषा
(4) मातृभाषा आधारित बहुभाषावाद

**141.** संध्या मशीन के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए एक आलेख पढ़ती है। उसके इस पठन को क्या कहेंगे?

(1) सरसरी दृष्टि

(2) समीक्षा करना

(3) सरसरी तौर पर पठन (स्किमिंग)

(4) बारीकी से पठन (स्केनिंग)

**142.** निम्नलिखित कार्य को क्या कहा जाएगा?

एक संक्षिप्त पाठ्यवस्तु के छोटे 2 खंड या प्रत्येक एक पंक्ति छोड़कर दूसरी पंक्ति शिक्षार्थियों को दो-दो के जोड़ों में दी जाती है। प्रत्येक शिक्षार्थी ने इसे अपने साथी को पढ़कर सुनाना है (डिक्टेट) और दूसरे ने लिखना है। फिर इस प्रक्रिया का विपरीतकरण होता है, दूसरा व्यक्ति सुनता है और पहला लिखता है और बाद में पाठ्य सामग्री को अन्तिम स्वरूप देने के लिए दोनों साथ मिलकर कार्य करते हैं।

(1) प्रतिलेखन (ट्रांसक्रियेशन)
(2) अनुच्छेद श्रुतलेख
(3) पारस्परिक श्रुतलेख
(4) व्याकरण श्रुतलेख

**143.** अधिगम अर्थ की खोज है। इसलिए अधिगम उन मुद्दों से आरम्भ होना चाहिए जिनमें शिक्षार्थी सक्रिय रूप से अर्थ खोजने की कोशिश कर रहे हैं। इस विचार की अनुशंसा कौन-सा शैक्षिक दर्शन करता है?

(1) व्यवहारवाद
(2) रचनावाद
(3) बहुविध बुद्धि
(4) संरचनावाद

**144.** नियम उन्मुखी भाषा निवेश से क्या तात्पर्य है?

(1) भाषा सीखने के लिए निवेश का अर्थ

(2) शब्द संपदा, उच्चारण और व्याकरण का प्रयोग

(3) वे निवेश जो सूचनाओं पर बल देते हैं।

(4) लिखना सीखने के लिए निवेश की संभाव्यता।

**145.** निम्नलिखित में से कौन-सा अधिगम के लिए आकलन है?

(1) वह आकलन जिसकी अभिकल्पना शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों की प्रगति का पर्यवेक्षण करने और उनमें सुधार लाने के लिए की जाती है।

(2) वह आकलन जिसकी अभिकल्पना वर्ष के अन्त में विद्यार्थियों की प्रगति जानने और उन्हें अगली कक्षा में भेजने के लिए की जाती है।

(3) एक अवस्था विशेष में शिक्षार्थियों की उपलब्धि को निदानात्मक रूप से राज्य के द्वारा किया जाने वाला आकलन।

(4) प्रत्येक टर्म के अन्त में विद्यार्थियों की प्रगति का पर्यवेक्षण करने के लिए अभिकल्पित आकलन।

**146.** उत्पादक शब्द संपदा क्या है?

(1) वे शब्द जिनका प्रयोग हम लेखन और बोलने में करते हैं।

(2) वे शब्द जिन्हें हम सुनने पर पहचान पाते हैं।

(3) वे शब्द जिन्हें हम पहचान नहीं पाते हैं।

(4) वे शब्द जिनका हम सुनने के दौरान कभी-कभी प्रत्यास्मरण करते हैं।

**147.** आप निम्नलिखित में से किस कथन की काव्य शिक्षण अधिगम के लिए अनुशंसा **नहीं** करेंगे ?

(1) काव्य शिक्षार्थियों की कल्पनाशीलता का अभ्यास करने के लिए है।

(2) काव्य भाषा के साथ कार्य करने के लिए है।

(3) काव्य आनन्द के लिए है।

(4) काव्य व्याकरण शिक्षण के लिए है।

**148.** वह भाषा जो कक्षा में विविध प्रकार के विषय क्षेत्रों में प्रयुक्त की जाती है, अध्यापक उसे विद्यार्थियों को प्रस्तुत करते हैं और उसमें अन्त:क्रिया करते हैं। इस भाषा कौशल को क्या कहेंगे ?

(1) बुनियादी अन्त:वैयक्तिक संप्रेषण कौशल

(2) जीवन के वास्तविक उद्देश्यों के लिए भाषा

(3) भाषा प्रयुक्ति

(4) संज्ञानात्मक अकादमिक भाषायी निपुणता

**149.** निम्नलिखित कथन में निहित व्याकरणिक ज्ञान के प्रकार से क्या तात्पर्य है ?

'नियमों के बारे में ज्ञान, उनका वर्णन करना और सीमित अभ्यास में उनका प्रयोग करना।'

(1) दक्षता

(2) अधिसंज्ञानात्मक ज्ञान

(3) प्रक्रियात्मक ज्ञान

(4) घोषणात्मक ज्ञान

**150.** निम्नलिखित कार्य में क्या शामिल है ?

शिक्षार्थियों को एक होटल की भोजन तालिका (मैन्यु कार्ड) दिया जाता है। उन्हें ₹ 1800 की राशि के अन्तर्गत चार लोगों के लिए भोजन के लिए कहना है। एक शाकाहारी है, दूसरे को मशरूम से एलर्जी है। उन्होंने इसमें से ₹ 70 वापसी यात्रा के लिए भी रखने है। शिक्षार्थी भोजन संबंधी अपनी प्राथमिकताएँ और वापसी यात्रा हेतु रखी जाने वाली राशि के बारे में बात कर रहे हैं।

(1) उच्च स्तरीय चिंतन कौशल

(2) अध्ययन संलग्नता – विमर्श – प्रयोग (भाषा)

(3) संज्ञानात्मक युक्तियाँ

(4) प्रस्तुति – अभ्यास – उत्पाद (भाषा)

**- o 0 o -**

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

## READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY :

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Blue / Black Ball Point Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the OMR Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the OMR Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and OMR Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and OMR Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet/OMR Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the examination hall/room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the examination halls/rooms. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against the candidate including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his/her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his/her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/Room without handing over their OMR Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the OMR Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Examining Body with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Examining Body.
14. No part of the Test Booklet and OMR Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the OMR Answer Sheet to the Invigilator in the Hall / Room. *The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

## निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह **नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन** से भरें। एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस ओएमआर उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक ओएमआर उत्तर-पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं ओएमआर उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं ओएमआर उत्तर पत्र के कोड या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी।
5. परीक्षा पुस्तिका/ओएमआर उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका कोड व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से उपस्थिति-पत्र में लिखें।
6. OMR उत्तर पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी। इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश-पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश-पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्विच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए। इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और परीक्षार्थी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना ओएमआर उत्तर पत्र दिए बिना एवं उपस्थिति-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार उपस्थिति-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो यह माना जाएगा कि उसने ओएमआर उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा। **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान उपस्थिति-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है।
13. परीक्षा हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षण संस्था के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं। अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला परीक्षण संस्था के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा।
14. किसी भी परिस्थिति में परीक्षा पुस्तिका और ओएमआर उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी हॉल/कक्ष छोड़ने से पूर्व ओएमआर उत्तर पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। *परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं।***